आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 280- ● जबलपुर ● सोमवार, 15 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक शुक्ल पक्ष -11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in




मध्य प्रदेश की प्रथम विधानसभा के लिए निर्वाचित सदस्य लक्ष्मीनारायण गुप्ता का प्रधानमंत्री ने किया सम्मान।

# आदिवासी रंग में रंगी राजधानी भोपाल, पीएम का जोरदार स्वागत



भोपाल में पीएम मोदी के स्वागत के लिए खड़ी युवतियां

## जन जातीय गौरव दिवस पर पीएम नरेन्द्र मोदी पहुंचे भोपाल

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल एयरपोर्ट पहुंचे, यहां राज्यपाल मंगुभाई पटेल और सीएम शिवराज सिंह चौहान ने उनकी अगवानी की। इसके बाद जंबूरी मैदान में कार्यक्रम में शामिल होने हेलीकाप्टर से पहुंचे। यहां प्रदर्शनी स्थल पर उन्होंने मौजूद आदिवासी नेताओं का अभिवादन स्वीकार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री उन्हें आदिवासी महापुरुषों की जानकारी भी दे रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान प्रदर्शनी में दर्शाए गए महिला स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को बेहद गौर से देखा। उन्होंने वहां मौजूद समूहों की महिलाओं से उत्पादों को लेकर जानकारी भी ली।



जन जातीय गौरव प्रदर्शनी की अवलोकन करते पीएम

### सीएम शिवराज ने धनुष देकर किया पीएम का सम्मान

प्रधानमंत्री का बैगा माला और शाल से अभिनंदन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को तीर और धनुष देकर अभिनंदन किया। आदिवासी नेता ओमप्रकाश धुर्वे, बिसाहूलाल साहू आदि ने अभिनंदन किया। मंच पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल समेत सांसद, विधायक मौजूद हैं।





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि पूरा प्रदेश भगवान बिरसा मुंडा की जन्मतिथि पर आदिवासी रंग में रंग गया है। मैं भगवान बिरसा मुंडा को प्रणाम करता हूं साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने बिरसा मुंडा के सम्मान में उनकी जन्मतिथि राष्ट्रीय गौरव दिवस की घोषणा की है।

### 75 रणबांकुरों की पुण्यभूमि पावन मिट्टी का अमृत कलश भेंट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के 23 जिलों के 75 रणबांकुरों की पुण्यभूमि से एकत्रित की गई पावन मिट्टी का अमृत कलश भेंट किया। पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात गोंड चित्रकार भज्जू सिंह श्याम ने अपनी बनाई पेंटिंग भेंट की। पेंटिंग में प्रकृति की सुंदरता को अनूठे तरीके से अभिव्यक्त किया गया है। मध्य प्रदेश की प्रख्यात चित्रकार, पद्मश्री से अलंकृत भूरीबाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनजातीय कलाकृति को दर्शाती सुंदर पेंटिंग भेंट की।

## फटाफट खबरें

### भाजयुमो के जिला कोषाध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पलामू जिला कोषाध्यक्ष सुमीत श्रीवास्तव को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। रविवार को उनका शव एनएच-98 पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास उनकी कार में मिला। पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि शरीर के दाहिने कान के नीचे अपराधियों ने दो गोली मार दी। पुलिस के मुताबिक, सुमीत श्रीवास्तव हरिहुरगंज में लॉज और होटल चला रहे थे। रविवार की सुबह एनएच पर उनका शव कार में पड़ा हुआ था। एक नागरिक ने इस बारे में हरिहुरगंज थाने को फोन किया, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। फिलहाल पुलिस अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जेएनयू में फिर बवाल, एबीवीपी और वामपंथी समर्थक के बीच मारपीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्र संघों के बीच एक बार फिर बवाल होने की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार रविवार को जेएनयू कैंपस में वामपंथी छात्र दलों की बैठक होनी थी। आरोप है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कुछ सदस्य पहले ही वहां पहुंच गए और वामपंथियों से उनकी बहस हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के बीच मामला मारपीट तक पहुंच गया। रात में ही पुलिस को जानकारी दी गई, लेकिन पुलिस सोमवार सुबह मौके पर पहुंची। हालांकि पुलिस का कहना है कि मारपीट जरूर हुई है, लेकिन मामला बहुत बड़ा नहीं है।

### पद्म विभूषित इतिहासकार बाबा साहेब पुरंदरे का निधन

**मुंबई।** भारत के जाने-माने इतिहासकार और लेखक बाबासाहेब पुरंदरे का सोमवार सुबह पुणे के दीनानाथ मंगेशकर मेमोरियल अस्पताल में निधन हो गया। वे 99 वर्ष के थे। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, पुरंदरे को शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बाद में हालात गंभीर होने के बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। इसके बाद से ही उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो सका। बताया गया था कि बाबा पुरंदरे अपने घर में बाथरूम में गिर गए थे।

## सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार ने दिया हलफनामा

# पूरे एनसीआर में लॉकडाउन लगे तो हम भी तैयार: केजरीवाल सरकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की तरफ से दिल्ली में लॉकडाउन लगाने की सलाह को लेकर केजरीवाल सरकार ने सोमवार को एफिडेविट दाखिल किया। इसमें दिल्ली सरकार ने कहा कि अगर प्रदूषण रोकने के लिए पूरे एनसीआर में लॉकडाउन लगाया जाता है तो दिल्ली भी इसके लिए तैयार है। दिल्ली सरकार ने कोर्ट से कहा कि वह लॉकडाउन लगाने के लिए तैयार है, लेकिन चूंकि हवाओं की सीमाएं नहीं होतीं इसलिए केंद्र सरकार को पूरे एनसीआर और आसपास के राज्यों में लॉकडाउन लगाने के लिए सोचना चाहिए। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार ने अपने एफिडेविट में कहाए श्हम स्थानीय उत्सर्जन को नियंत्रण करने के लिए पूरे लॉकडाउन जैसे कदम उठाने को तैयार हैं। हालांकि ऐसे कदम तब ही कारगर होंगे जब इसे पूरे एनसीआर और पड़ोसी राज्यों में भी लगाया जाए। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि दिल्ली और पूर्वी राज्यों में प्रदूषण के लिए पराली जलना बड़ी वजह नहीं है क्योंकि इसका प्रदूषण में सिर्फ 10 फीसदी योगदान है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से पूछा है कि क्या वह उद्योगों को रोकने के अलावा वाहनों पर लगाम लगा सकते हैं। इसके अलावा कोर्ट ने उन पावर प्लांट्स की भी जानकारी मांगी है जिन्हें रोका जा सकता है। बेंच ने जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को कल शाम तक का वक्त दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे केंद्र और दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि जिस तरह प्रदूषण पर आपात बैठक हुईए उस तरह कोई बैठक की उम्मीद नहीं की जा सकती। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें उनके लिए एजेंडा सेट करना पड़ता है।

### शेयर बाजार की तेज शुरुआत, सेंसेक्स 61 हजार के पार

**नई दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार की तेज शुरुआत हुई। सकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते दोनों इंडेक्स आज हरे निशान पर खुले। कारोबार की शुरुआत होते ही बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स रफ्तार पकड़ते हुए 327 अंकों की तेजी के साथ खुला और 61 हजार के पार पहुंच गया। वहीं एनएसई का निफ्टी भी 100 अंकों की बढ़त के साथ 18000 के पार खुला। फिलहाल सेंसेक्स 316 अंकों की बढ़त के साथ 61,003 के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि निफ्टी 96 अंकों की बढ़त के साथ 18,198 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। ओएनजीसी के शेयर इस समय सबसे ज्यादा 4 फीसदी की बढ़त लिए हुए हैं।

## वित्त मंत्री सीतारमण आज राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ करेंगी बैठक



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वित्त मंत्रियों के साथ एक अहम बैठक करेंगी। यह बैठक दोपहर तीन बजे होनी है। इसमें आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए वर्तमान समय का उपयोग करने के लिए केंद्र के साथ-साथ राज्यों के स्तर से भी प्रयास किए जाने के लिए व्यवस्था तैयार की जाएगी।

### विदेशी निवेश बढ़ाने पर होगी चर्चा

यह बैठक कोविड-19 की दो लहरों के बाद अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए निजी निवेश को आकर्षित करने के मानकों पर चर्चा होनी है। वित्त मंत्रालय के सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा इसे लेकर कहा था कि बैठक कोविड महामारी की दो लहरों के बाद तेजी से पटरी पर लौटती अर्थव्यवस्था की पृष्ठभूमि में हो रही है।

### वर्चुअल माध्यम से होगी बैठक

वित्त मंत्रालय ने इस बैठक को लेकर एक ट्वीट में जानकारी साझा की है। वर्चुअल माध्यम से होने वाली इस बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और भागवत कराड़ भी हिस्सा लेंगे।

## मंगल ग्रह से आए इस बच्चे ने वैज्ञानिकों को कर दिया हैरान!

**मास्को।** हजारों साल पहले एक न्यूक्लियर संघर्ष में मंगल ग्रह पर एक प्रजाति का समूल विनाश हो गया था। पृथ्वी भी उसी खतरे की ओर बढ़ रही है। तबाही से पृथ्वी को बचाने के लिए रूस में बोरिस्का किप्रियानोविच का जन्म हुआ है। यह दावा खुद बोरिस्का का ही है। वह बताता है कि पृथ्वी को बचाने के लिए उसने पुनर्जन्म लिया है। मानव के रूप में जन्म लेने से पहले वह मंगल ग्रह का निवासी था। रूस के वोल्गोग्राड में रहने वाला यह बच्चा असाधारण है। अंतरिक्ष के बारे में उसकी जानकारियां तो चौंकाने वाली हैं। 2017 में जब पहली बार यह बच्चा दुनिया के सामने आया तब उसकी उम्र 11 साल थी। इस दौरान बोरिस्का किप्रियानोविच ने पृथ्वी को लेकर कई चेतावनियां जारी की थीं। उसने कहा था कि पृथ्वी के लोगों को तबाही का सामना करना पड़ेगा। इसलिए मानव जाति को बचाने के लिए उसे एक मिशन पर यहां भेजा गया है।

## 10 हजार से ज्यादा नए मामले

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। कोरोना के एक्टिव केस की संख्या 1 लाख 34 हजार पहुंच गई है। 523 दिन बाद सबसे कम एक्टिव केस दर्ज किए गए हैं। इसके साथ ही कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों का आंकड़ा भी ठीक हो रहा है। बीते 24 घंटे में 10 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं, वहीं, मौतों की संख्या डेढ़ सौ से भी नीचे आ गई है। इसके अलावा 11 हजार से ज्यादा लोग स्वस्थ्य होकर घर लौट चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़े के मुताबिक, एक दिन में कोरोना संक्रमितों से मरने वालों का आंकड़ा आधा हो गया है। पिछले 24 घंटे में 10,229 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 125 लोगों की जान गई है। इससे पहले रविवार को जारी आंकड़े के मुताबिक, 285 लोगों ने दम तोड़ा था, लेकिन एक दिन के भीतर यह संख्या 125 पर पहुंच गई है। इसके अलावा 11 हजार926 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है।

### देश में कोरोना महामारी आंकड़ों में

बीते 24 घंटे में कुल नए केस आए-10,229 हजार
बीते 24 घंटे में कुल ठीक हुए- 11, 926 हजार
बीते 24 घंटे में कुल मौतें-125
सक्रिय मरीजों की संख्या- 1.34 लाख
अब तक कुल ठीक हुए लोग- 3.38 करोड़
अब तक कुल हुए संक्रमित- 3.44 करोड़
अब तक कुल मौतें- 4.63 लाख
अब तक कुल कोरोना टीका-1.12 करोड़।

## शहीद कर्नल के अंतिम दर्शन के लिए जुट रहे लोग

**रायगढ़।** मणिपुर माओवादी हमले में शहीद कर्नल व उनके परिवार का पार्थिव शरीर मणिपुर से राजधानी जाने के बजाए अब सीधे रायगढ़ लाया जा रहा है बताया जा रहा है शव के दाह संस्कार में विलंब होने के चलते सीएम, मंत्रिमंडल के सदस्यों द्वारा आयोजित शहीद कार्यक्रम को रद्द किया गया है। दरअसल पहले से ही मणिपुर में मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि सभा मे विलंब हुआ था। स्वजनो के बताए अनुसार भारतीय वायु-सेना का विशेष विमान एएन -32 सीधे पार्थिव शरीर लेकर रायगढ़ आ रहा है। सुबह के लगभग 11. 30 बजे जिंदल हवाई पट्टी पहुचा। यहां सैन्य व राजकीय सम्मान के लिए मंत्री उमेश पटेल व जिला कलेक्टर, एसपी, सैन्य अधिकारियों की टीम के साथ साथ शहीद कर्नल के स्वजन एवं सहपाठी भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। तत्पश्चात पार्थिव शरीर को किरोड़ीमल कलोनी कोतवाली थाने के पीछे हंडी चौक लाया गया

## 60 प्रतिशत बच्चे नहीं कर पा रहे ऑनलाइन क्लास



**भोपाल।** कोरोना संक्रमण के कारण लगभग 18 महीने से स्कूल बंद हैं। इन स्कूलों में वर्चुअल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। ऐसे में एक रिपोर्ट ने इस व्यवस्था की कलई खोल कर रख दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में 60 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे इंटरनेट का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं, ऐसे में रिमोट विकल्प पर चल रहे स्कूलों और शिक्षा की वैकल्पिक व्यवस्था को बड़ा झटका लगा है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से किए गए इस स्टडी में सामने आया है कि 60 प्रतिशत स्कूली बच्चे वर्चुअल कक्षाओं को सिर्फ इसलिए नहीं देख पा रहे हैं, क्योंकि उनके पास इंटरनेट की व्यवस्था नहीं हैं। स्कूलों में भी आधे से ज्यादा अभिभावकों ने इंटरनेट सिग्नल और स्पीड को लेकर शिकायत की। इसके अलावा मोबाइल डेटा को लेकर भारी भरकम खर्चा भी उनके लिए मुसीबत बना हुआ है।

### जप्त होगा जेलर का लेपटॉप

**उज्जैन।** केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में बंद एक कैदी ने जेल के अधिकारियों पर दबाव बनाकर क्रेडिट कार्ड हैक करवाकर लाखों रुपये की ठगी करवाने के गंभीर आरोप लगाए थे। वहीं कुछ लोगों के फोन भी टेप करवाए गए। मामले को लेकर राज्य सायबर सेल भोपाल ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज एसआइटी का गठन किया था। जेलर, डिप्टी जेलर व एक प्रहरी लगातार दूसरे दिन भी शुक्रवार को एसआइटी के समक्ष भोपाल में पेश हुए। सूत्रों का कहना है कि एसआइटी जेलर का लैपटाप जब्त कर सकती है।

## जनजातीय समाज के विकास के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती और राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में होने वाले जनजातीय महासम्मेलन से पहले एकाधिक ट्वीट किए हैं। सीएम ने कहा कि जनजातीय समाज के चहुंमुखी विकास के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। संस्कृति और समाज की रक्षा करने वाले अमर वीर स्वाधीनता सेनानी भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर उनके चरणों में कोटिशः प्रणाम एवं प्रदेशवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की हार्दिक बधाई। शिवराज ने कहा कि एक वर्ष के भीतर बैकलॉग के पदों को भरने की योजना है। छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय किया गया। वनवासी अंचल की संस्कृति आनंद की संस्कृति है। इसीलिये हमने फैसला किया है कि हर वर्ष झाबुआ उत्सव मनाया जाएगा।

# 108 वर्ष बाद शिव के आंगन में मां अन्नपूर्णा

**वाराणसी।** 108 साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सोमवार सुबह मां अन्नपूर्णा की दुर्लभ प्रतिमा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंच गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमा यात्रा की अगवानी की। पूरा मंदिर परिसर मां के जयकारे और हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान है। मंगला आरती के बाद से ही मंदिर परिसर में आयोजन शुरू हो गए थे।

### मुख्यमंत्री योगी ने की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

भव्य स्वागत के बाद प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान आरंभ हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यजमान बने। सीएम योगी ने प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की। काशी विश्वनाथ मंदिर का अर्चक दल काशी विद्वत परिषद की निगरानी में संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्ण कराया। मूर्ति स्थापना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा दरबार में हाजिरी लगाई। जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर बाबा से आशीर्वाद मांगा। जनकल्याण के भावों से बाबा का पूजन अर्चन कर वहां से रवाना हुए।



मूर्ति स्थापना का प्रसाद वितरण रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में भी होगा, जहां धर्म गुरुओं और मुख्यमंत्री का संबोधन होगा। बाबा विश्वनाथ के आंगन में भी माता के आगमन की खुशियों का उल्लास कण-कण में बिखरा है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी ने बताया कि बाबा विश्वनाथ की रंगभरी एकादशी की पालकी यात्रा की रजत पालकी और सिंहासन माता के स्वागत के लिए भेजा गया। मां ज्ञानवापी के प्रवेश द्वार से इसी पालकी में सिंहासन पर विराजमान होकर काशी विश्वनाथ धाम में प्रवेश कीं। दिल्ली से 11 नवंबर को रवाना होने के बाद काशी पहुंचने के दौरान मां की प्रतिमा अलीगढ़, लखनऊ, अयोध्या, जौनपुर समेत यूपी के 18 जिलों से गुजरी। दिल्ली से काशी आई माता की प्रतिमा का सोमवार को नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह स्वागत किया। जगह-जगह पुष्प वर्षा, डमरू दल, घंटा घड़ियाल बजाकर माता की रास्ते भर आरती उतारी गई। हर जिले में मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा का भव्य स्वागत किया गया। आज सुबह वाराणसी में दुर्गाकुंड मंदिर से माता की प्रतिमा की शोभायात्रा निकली और गुरुधाम चौराहा, विजया मॉल, ब्राडवे होटल, मदनपुरा, गोदौलिया होते हुए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार पर पहुंची। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माता की आरती उतारकर उनकी अगवानी की।






# छात्र हितों के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी कर रही अभाविप

## यशभारत कार्यालय पहुंचे अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री ने व्यक्त किए विचार

यशभारत साक्षात्कार

**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) छात्रों हितों के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी कर रही है। कोरोना और देश के किसी भी क्षेत्र में जब भी विपत्ति आती है तो अभाविप सबसे आगे खड़ी रहती है। एबीवीपी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मेहनत, लगनता और एक जुटता से काम करता है। यह बात उखरी स्थित शताब्दीपुरम में यशभारत के नवीन कार्यालय पहुंचे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री गजेंद्र तोमर ने कही। संक्षिप्त साक्षात्कार में राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि एबीवीपी देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर है।

विद्याथिज़्यों की समस्याओं को दूर किया गया। राष्ट्रीय मंत्री गजेंद्र तोमर ने कहा कि बस्ती व गांव में स्क्रीनिंग,मिशन आरोग्य रक्षक और मिशन संजीवनी जैसे अभियान के माध्यम से व्यापक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले सुविधा से दूर परिवारों से संपकज़् कर उनकी स्क्रीनिंग कर उन्हें मेडिकल किट वितरित की । उन्होंने बताया कि कोरोना की दूसरी लहर में विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर विद्याथिज़्यों के असमंजस को दूर करने में भी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ ने समय-समय पर जिम्मेदार लोगों से मिलकर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया।

### संगठन देश में करती आ रही एक सुसंस्कारित छात्र शक्ति का निर्माण

राष्ट्रीय मंत्री ने चर्चा में कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वाला गैर राजनैतिक छात्र संगठन है । विगत सात दशकों से भी अधिक समय से विभिन्न कायज़्क्रमों , गतिविधियों एवं आंदोलनों के माध्यम से देश में एक सुसंस्कारित छात्र शक्ति का निमाज़्ण अभाविप लगातार करती आ रही है । आज देशभर में 33 लाख से भी अधिक सदस्य संख्या के साथ पांच हजार से अधिक स्थानों पर अभाविप सक्रिय है । प्रतिवर्ष निर्बाध रूप से आयोजित होने वाला राष्ट्रीय अधिवेशन विद्याथीज़् परिषद की अनोखी परंपरा का अंग है । लघु भारत यहाँ साकार हो उठता है और इसके माध्यम से छात्र , छात्रायें एवं प्राध्यापक वगज़् देश की वर्तमान स्थिति से लेकर शिक्षा व्यवस्था पर सामूहिक चिंतन मनन करते हुये एक सकारात्मक पहल की ओर आगे बढ़ते हैं ।

### 61 साल बाद जबलपुर में हो रहा अधिवेशन

राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि जबलपुर में अभाविप का 67 वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 24 दिसंबर से 26 दिसंबर 2021 तक आयोजित किया रहा है। इससे पहले यह अधिवेशन 1960 में जबलपुर पर आयोजित हुआ था । पूरे 61 साल बाद यह आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में देशभर के सभी प्रदेशों से 1000 से अधिक छात्र - छात्राएं एवं प्राध्यापक सहभागी होंगे । महाकोशल क्षेत्र के प्रमुख केन्द्र जबलपुर महानगर में ऐसे अखिल भारतीय अधिवेशन का आयोजन होना गौरवान्वित होने का अवसर है ।

# देवउठनी एकादशी आज

# होगी मांगलिक कार्यक्रमों की शुरुआत



जबलपुर। देवउठनी एकादशी आज मनाई जा रही। 14 नवंबर को शाम 4 बजकर 32 मिनट से सर्वार्थसिद्धि योग की शुरुआत हुई। यह योग 15 नवंबर को भी दिनभर रहेगा। देवउठनी एकादशी से चातुर्मास का समापन होगा तथा विवाह आदि मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी।

देवउठनी ग्यारस पर श्रद्धा व आस्था के साथ घर-घर में गन्ने की मड़ई बनाकर तुलसी और शालिगराम का विवाह उत्सव मनाया जाएगा। देवउठनी ग्यारस के दूसरे दिन से ही लगुन, फलदान, विवाह समारोह, गृह-प्रवेश आदि शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाएगी ।जगत के पालनहार भगवान विष्णु आषाढ़ मास की एकादशी 20 जुलाई से कार्तिक मास की एकादशी तक योग निद्रा में रहे। इस अवधी को चातुर्मास कहा जाता है। जब भगवान विष्णु नींद से जागते हैं तो उसे देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन से मांगलिक कार्य की शुरुआत हो जाती है। देवउठनी एकादशी पर तुलसी शालिग्राम के विवाह की भी परंपरा है। एकादशी को अबूझ मुहूर्त की श्रेणी में रखा जाता है। अत: इस दिन बिना शुभ मुहूर्त देखे विवाह, नूतन गृह प्रवेश, गृह निर्माण ,विवाह, नामकरण आदि जैसे मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। आज बुधवार को देवउठनी ग्यारस का पर्व मनाने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। बाजारों में गन्ने की दुकान सजी हैं और नये फल- फूल की भरपूर आवक बाजार में हुई। ग्यारस के दिन गन्ने की मड़ई लगाकर उसमें ठण्ड के सीजन की नई फसलें मसलन चने की भाजी, सिंघाड़ा, सीताफल, गन्ना- आदिने सभी शहरवासियोंगरी, मटर, आंवला, शकला आदि धन-धान्य की पूजा की जाती है और इसी मड़ई में माता तुलसी और भगवान शालिगराम का विवाह भी रचाया जाता है। मड़ई की परिक्रमा कर श्रद्धालु पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

## सरोज बिस्वाल वित्त मंत्रालय में रिकवरी अधिकारी



जबलपुर यशभारत ।खमरिया फैक्ट्री के सामान्य प्रशासन विभाग के विभाग प्रमुख सरोज विस्वाल कनिष्ठ कार्य प्रबंधक को गत दिवस नई दिल्ली स्थित वित्त मंत्रालय में रिकवरी अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया है ।उनकी पदोन्नति पर आयुध निर्माणी राजपत्रित अधिकारी संघ के रामानंद यादव बी बी ओझा डी. के पांडे भानू प्रताप सिंह ए आई एन जी ओ के अजय चौहान सतेन्द्र सिंह अजय यादव डी सी पांडे ने पदोन्नति को उपलब्धि बताते हुए बधाई दी है ।ज्ञात हो कि श्री विस्वाल आयुध निर्माणी राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के राष्ट्रीय कार्य कारणी सदस्य भी हैं।

## ओ एफ के में शीर्ष अधिकारी भी संक्रमित हुए

**पहले पत्नी संक्रमित हो अस्पताल में भर्ती फैक्ट्री में चिंता**

जबलपुर यशभारत ।खमरिया फैक्टरी में पहले एक शीर्ष अधिकारी की पत्नी कोरोना से संक्रमित हो कर निजी अस्पताल में इलाज रत है वहीं अब शीर्ष अधिकारी भी संक्रमित हो गए हैं ।उन्हें भी अस्पताल में भर्ती किए जाने की खबर से उनके समकक्ष अधिकारियों और उनके स्टाफ मे चिंता है कि कहीं निर्माणी मे फिर से संक्रमण का आक्रमण न हो जाए ।उल्लेखनीय है कि शीर्ष अधिकारी की तबीयत बिग?ने के बाद अधिकारी ड्यूटी आते रहे और विभिन्न विभागीय बैठकों में हिस्सा लेते रहे ।जब उनकी पत्नी को अस्पताल में भर्ती करने के बाद कोरोना की पुष्टि हुई तो शीर्ष अधिकारी के संपर्क में सतत संपर्क में रहने वाले अधिकारियों और स्टाफ के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई ।इसके बाद वे अधिकारी भी संक्रमित हो गए ।इसके बाद से ही अन्य सभी की चिंतित हैं। सूत्रों के अनुसार अब सभी अधिकारी और उनसे जुड़े स्टाफ अब अपना और परिवार का टेस्ट करवा रहे हैं ।इस संबंध में फैक्ट्री के पी आर ओ ने अधिकारी की पत्नी के बीमार होने की पुष्टि करते हुए अस्पताल में भर्ती होने की बात स्वीकार की थी ।चूंकि लगभग सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दूसरी डोज लग चुकी है फिर भी आशंका यह है कि कहीं निर्माणी मे कोरोना फिर से अपना असर न दिखाने लगे।

## माटी से भरा कलश बीडी शर्मा को सौंपा



जबलपुर। आज बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में भोपाल जंबूरी मैदान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आदिवासियों के उत्थान कार्यक्रम जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें जबलपुर शहर से कवियत्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभद्रा कुमारी चौहान की कर्मभूमि जबलपुर से माटी से भरे कलश को भाजपा महानगर जबलपुर की ओर से नगर मंत्री राघवेंद्र यादव लालू ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रशांत तिवारी कौशल दत्त अखिलेश यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अब ठंड दिखाने लगी अपना असर



जबलपुर, । अब मौसम पूरी तरह से साफ हो गया है। बादल हटते ही पश्चिम विक्षोभ के असर से बढ़ती ठंड पर लगा ब्रेक भी हट गया है। लिहाजा अब ठंड अपना असर दिखाने भी लगी है। मौसम लगातार ठंडा होता जा रहा है, अब रात में धुंध भी छाने लगी है और सुबह कुहासा भी छाने लगा है। लोग अलाव तापते नजर आते हैं। रविवार को जहां अधिकतम तापमान 28.2 रहा वहीं न्यूनतम तापमान 13.2 डिसे रिकार्ड हुआ है। जो सामान्य से दो डिसे अधिक रहा। आज सुबह तापमान में करीब 4 डिसे की उछाल दर्ज की गई पर सर्द हवाओं ने सिहरन पैदा कर रखी। मौसम में आए बदलाव ने सर्दी, जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ा दी है। मार्निंग वाक पर जाने वाले लोग सुबह गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। सुबह से ही सूरज चमकता रहा। सुहानी धूप भी खिली है। लोग धूप का आंनद लेते दिख रहे है। मौसम विभाग के अनुसार मौसम अब पूरी तरह से साफ हो गया है। अब तापमान में कमी आने से वातावरण में ठंड का अहसास बढ़जायेगा। विदित हो कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान अचानक बढ़ गया था। शनिवार को तो रात तापमान अचानक तीन डिग्री तक बढ़ गया था। जिसके चलते शाम और रात को ठंडक का अहसास कम हुआ। पिछले तीन चार दिन में बढ़ी ठंड के कारण धुंध छाना शुरू हुई है। हालांकि जब तक कोहरा रहेगा तब तक भले ही सर्दी का अहसास कम हो, लेकिन कोहरा छंटने के साथ ही ठंड के तीखे तेवर महसूस होने लगेंगे। वर्तमान में दिन में धूप जरूर निकल रही है, लेकिन इसमें तीखापन नहीं है। वहीं शाम चार बजे तक सूरज के तेवर पूरी तरह से ढीले हो जाते हैं और सर्दी का अहसास सताने लगता है।

## प्रान्ताध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

कर्मचारी जगत



जबलपुर। म.प्र. ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मनोहर गिरी उज्जैन महामंत्री संजय लमानिया को जबलपुर के संरक्षक पं. योगेन्द्र दुबे जी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर शासन से लंबित मांगों पर तत्काल निर्णय लेने की मांग की है ।संघ ने लंबित महंगाई भत्ते की किश्त शीघ्र जारी करने की मांग रखते हुये कृषि विभागीय कर्मचारियों की पदोन्नति का मार्ग खोलने का उल्लेख किया है। कृषि विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती करने की भी मांग रखी है साथ हीसमस्त ग्रामीण कृषि अधिकारियों के एफ.टी.ए. भत्ता बढाने की मांग पर भी जोर दिया गया ।म.प्र. ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के गोविंद विल्थरे, रजनीश दुबे, सतीश वांदिल, डी.के. नेमा, रजनीश तिवारी, नरेंद्र दुबे आशुतोष तिवारी आलोक अग्निहोत्री दीपक सोनी डा संदीप नेमा वीरेन्द्र चंदेल एस पी बाथरे, सतीश देशमुख आलोक बाजपेई रवि बागर दुर्गेश पांडेय बी.सी. नामदेव, एल. एन.चौधरी, ममता ठाकुर, राजपाला गोहिया, राम प्यारी धुर्वे व सभी सातो विकास खण्ड के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे। संयुक्त अधिकारी कर्मचारी संगठन व म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पंजाबी महिला क्वीन ग्रुप ने मनाया दिवाली मिलन



जबलपुर यशभारत। पंजाबी महिला क्वीन ग्रुपप द्वारा दो वर्ष के अंतराल के बाद पूर्व में स्थापित परंपरा गत की तरह अनुसार रांझी रावण पार्क स्थित कोचर निवास पर दिवाली मिलन समारोह मनाया। कोरोना काल के कारण दो वर्ष बाद मिले अवसर पर महिलाये रंग बिरंगे परिधान पहनकर आई । सभी नें दीप प्रजलावित कर एक दूसरे को बधाई दी । इस मौके दिवाली धमाका तम्बोला आदि खेलों के साथ सदस्यों नें मनोरंजन सरप्राइज उपहार भी जीते । उल्लेखनीय है कि पिछले 10वर्षो से ये कार्यक्रम होता आ रहा था ।लेकिन कोरोना के कारण 2 वर्षो से इसे मनाया नहीं जा सका। इसलिए इसे फिर से पूरी उमंग और उत्साह से इसे आयोजित किया गया। कार्यक्रम केअंत मे ग्रुप कि पदाधिकारी श्रीमती सुशील कोचर रचना नारंग एकता नारंग मनीषा रजनी कपूर मीनू, मीना खत्री संगीता आदि कि उपस्थिति मे महिलाओं ने पराम्परिक गीतों के साथ स्वल्पहार किया।

## धूमधाम से निकली साई बाबा की पालकी शोभायात्रा

जबलपुर यशभारत। सिविल लाइंस में साई मंदिर का 53 वां स्थापना दिवस धूमधाम से शुरू हुआ ।जश प्रात:काल मंगल स्नान अभिषेक पूजन के बाद ध्वजारोहण सुंदर कांड पाठ ओर भोग अर्पण किया गया। संध्या महाआरती 6 प्रशिक्षु डीएसपी 8थाना प्रभारी सिविल लाइन हिना खान के करकमलों से हुई। इसके बाद साई बाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे पूर्व एम. आई.सी. सदस्य कमलेश अग्रवाल मौजूद रहे। विशेष सहयोग अमेरिका (यू.एस) से अभिषेक नेहा शुक्ला का रहा।।



तीन दिवसीय कार्यक्रम श्रंखला मे 15 एवं16 नबम्बर विविध आयोजनों के रूप में सम्पन्न होंगे 15 नवंबर सामूहिक साई सच्चरित्र का पाठ पंडित उदय देशमुख के सानिध्य में होगा ।जिसके मुख्य जजमान सौरभ, पेरणा नवाथे रहेंगे ।।साई मंदिर समिति की ओर से मंदिर के संरक्षक पूर्व महाधिवक्ता रविनंदन सिंह सुनील चंदेल एम. एन.सिंह उमेश पिल्ले प्रेम भंडारी रविकांत चौरसिया संतोष अवस्थी सुनील देश पांडेय अजय बघेल सोमेश अवस्थी लखमी चंद जगबानी मनोहर लाल रवि पांडेय अशोक स्वामी राजेन्द्र तोमर एवं राजेश ,आदि उपस्थित रहे ।।

## जबलपुर की काव्यधारा पर संगोष्ठी



जबलपुर। श्रीजानकीरमण महाविद्यालय की स्थापना के 50 वें वर्ष में आयोजित स्वर्ण जयंती महोत्सव की श्रृंखला में शनिवार 13 नवम्बर को महाविद्यालय सभागार में सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य स्व. हरिकृष्ण जी त्रिपाठी की बहुप्रशंसित कृति च्जबलपुर की काव्यधारा पर केंद्रीय छात्र छात्राओं की गोष्ठी का आयोजन किया गयज्ञ आयोजन का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष आयोजन के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी एवं मुख्य अतिथि प्रभात दुबे और विशिष्ट अतिथि डॉ शक्ति सिंह मंडलोई, डॉ गंगाधर त्रिपाठी डॉ आंनद सिंह राणा, युवा समाजसेवी अनुपम पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ आनन्द सिंह राणा ने जबलपुर की काव्यधारा कृति की सारगर्भित मीमांसा की। आयोजन के मुख्य अतिथि श्री प्रभात दुबे जी ने अपनी श्रेष्ठ लघुकथाओं का पाठ किया। इसी अवसर पर आयोजन के अध्यक्ष श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में स्वर्ण जयंती वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुई प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। प्रतियोगिता में करिश्मा अग्रवाल, प्रियांक पटेल, आरती गुप्ता, मंजू जैन, निखिल राजपूत एवं तरुण बेन काव्यपाठ किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. अनामिका सिंह ठाकुर, मुकेश श्रीवास्तव, श्री तरुण मिश्रा, देवेन्द्र कुशवाहा संजय पाण्डे, चंद्र कुमार चौबे, श्रुति शुक्ला, दिव्या विश्वकर्मा, मीनाक्षी लोधी, राधा झारिया, हेमन्त सोंधिया आदि के साथ विद्यार्थियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन अजय मिश्रा एवं आभार डॉ गंगाधर त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

## अंतर जिला बालिका वर्ग 19 व सीनियर की चयन ट्रायल

जबलपुर । संभागीय क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अंतर जिला बालिका वर्ग 19 व सीनियर की चयन ट्रायल रानीताल क्रिकेट मैदान पर आयोजित की गई। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं ,बालिका वर्ग 19 - प्रांजलि दुबे, मोनू विश्वकर्मा, अनुषा मल्होत्रा, छवि झा, ऋषिका जैन, भूमि पटेल, अर्जिता जैन, श्रुति सिंह,सिद्धि शर्मा, सिमरन कौर, शेरोन दिसोउ , कोश्वि वर्मा, भूमि मिश्रा, रेखा पराते ।बालिका सीनियर वर्ग- माधुरी पासी, आकांशा चौरसिया, सलीना द्विवेदी, सोनाली रजक, सोनम पाठक, सिमरन परतेकि, हनी यादव, श्रुति जैन , पालक श्रीवास्तव, श्रद्धा चौदरी, अदिति पवार, पायल बाल्मीक, अंशिनी यादव, रागनी सोनी, प्रेरणा कंजिया, निकिता सिंह चंदेल, साक्षी खरतकर ।

इक्कीसवीं पुण्यतिथि 15/11/2021
आपके जीवन के आदर्श सदैव हमें तथा हमारे परिवार को कर्मपथ पर अग्रसर करते रहेंगे।
शोकाकुल परिवार
श्रीमती जयश्री बैनर्जी (पूर्व सांसद) पत्नि
रूमा-रूपनाथ (पुत्री-दामाद), आशीष-रूपा,
दीपांकर-मिताली (पुत्र-पुत्रवधु), आबीर, सुबीर, धृतिमान (नाती),
शुंभाकोरी (नातिन) एवं समस्त बैनर्जी परिवार एवं स्नेहीजन
स्व. श्री सुभाषचन्द्र बैनर्जी
निवास: 1121, पचपेढ़ी, सिविल लाईन, जबलपुर फोन: 2602290

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्निशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

## बिरसा मुंडा जयंती पर कांग्रेस ने दिखाई ताकत

# कमलनाथ-दिग्विजय सिंह ने कहा- भाजपा को आदिवासियों से कोई सरोकार नहीं





बिरसा मुंडा जंयती कार्यक्रम के तहत आदिवासी समाज द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को तीरकमान सौंपा गया, साथ में खड़े वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह, दूसरे चित्र में राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा और कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा।

**जबलपुर, यशभारत।** आदिवासियों के जननायक बिरसा मुंडा जयंती पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कांग्रेस पार्टी ने आदिवासी जनजातीय कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। कार्यक्रम के मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि सिर्फ दिखावे के कार्यक्रम भाजपा करती है। आदिवासियों की चिंता सरकार को नहीं है। आदिवासियों को गुमराह करने के लिए भाजपा को बिरसा मुंडा की याद आई और भोपाल में आदिवासी विभाग के फंड से इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस के दोनों बड़े नेताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा की पहली प्रतिमा प्रदेश में जबलपुर में है, इस कारण कांग्रेस यहां आदिवासी सम्मेलन कर रही है। इससे पहले शंकरशाह-कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर 18 सितंबर को कार्यक्रम किया गया था। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा, कांतिलाल भूरिया, सुनीता पटेल गाडरवारा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हिना कांवरे, भूपेंद्र मरावी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, विधायक तरूण भनोत, लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया ,नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव सहित अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी के साथ अभा आदिवासी महासंघ द्वारा आयोजित बिरसा मुंडा जयंती पखवाड़े का सोमवार को समापन हुआ। कौशल्या गोंटिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अधारताल स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

### आदिवासी सम्मेलन के नाम पर बीजेपी दिखावा कर रही

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बीजेपी की तरफ से आदिवासी सम्मेलन के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है। 17 साल में बिरसा मुंडा कभी याद नहीं आए। उन्हें पता है कि एमपी में जो आदिवासी हित की बात करेगा, वहीं प्रदेश में राज करेगा। वर्ष 2003, 2008, 2013 में आदिवासी वोटरों के दम पर ही बीजेपी सत्ता में आई। पर अब उनका छल-प्रपंच और नहीं चलने वाला है। आदिवासी समाज जान गया है कि नाखून कटाकर शहीदों में नाम जुड़वाने वाली ये पार्टी है। प्रदेश में 47 सीटें ट्राइबल के लिए सुरक्षित हैं। 87 आदिवासी ब्लॉक हैं। यहां का पलायन देख लीजिए, प्रताड़ना देख लीजिए। राजा शंकरशाह व रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर 18 सितंबर को कई घोषणाएं की गई। हम इंतजार कर रहे हैं इनके शुरू होने का। हम तो ओपन डिबेट का चैलेंज देते हैं। बीजेपी आदिवासी हित के लिए चलाई गई योजनाएं बताए, हम उसकी खामियां बताएंगे। इस मौके पर संघ के रोशन लाल कोल, जनजा कुंजीलाल गोंटिया, भैयालाल गोंटिया आदि मौजूद रहे। **फोटो- अशोक बर्मन**




मक्र पर विराजमान

माँ नर्मदा के अवतरण की सभी कथाओं को पुष्टि करती हुई प्रतिमा है।

## शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने कहा था - मक्रवाहिनी तीर्थ

# देव उठनी ग्यारस को माँ मक्रवाहिनी तीर्थ में महाआरती का महात्म्य

**जबलपुर।** माँ मक्रवाहिनी के पान दरीबा स्थित मंदिर के पुनर्निर्माण की स्वर्ण जयंती पर देव उठनी एकादशी पर आज शाम 7 बजे जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में महाआरती की जाएगी। माँ मक्रवाहिनी सरितां श्रेष्ठा, सर्वपाप प्रणाशिनी।... तारयेत् सर्वभूतानि, स्थावराणि चराणि च।। द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने देवउठनी ग्यारस को माँ मक्रवाहिनी मंदिर पान दरीबा में, स्वर्ण जयंती वर्ष में महाआरती कर इसके महत्व को रेखांकित करते हुए, इसे माँ मक्रवाहिनी तीर्थ का नाम दिया था। मां नर्मदा की कलचुरि कालीन विश्व की सबसे प्राचीन सुंदर एवं एकमात्र प्रतिमा माँ मक्रवाहिनी इसलिए सबसे अनूठी और एकमात्र है क्योंकि मां नर्मदा के अवतरण के विषय पर केंद्रित है। इतिहासकार डॉ.आनंद सिंह राणा ने बताया कि उत्तर और दक्षिण के मूर्ति शिल्प के मिलन का यह सर्वोत्तम नमूना है। इसलिए एक नये अभूतपूर्व शिल्प ने जन्म लिया इसे कलचुरि शिल्प के नाम से जाना जाता है चूंकि मां नर्मदा के सभी प्राकट्य ही इस मूर्ति का मूल विषय है, इसलिए मूर्ति में अंकित विभिन्न देवी-देवता वही चित्रित किए गए हैं जो अवतरण के समय साक्षी थे। उन्होंने बताया कि इस शोध के दौरान ऐतिहासिक दृष्टि से प्रो. कपिल देव मिश्र, कुलपति रादुविवि, प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, पौराणिक दृष्टि से डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी एवं डॉ. कौशल दुबे का विशेष सहयोग मिला। डॉ. राणा ने बताया कि कलचुरि शिल्प का स्वर्ण युग युवराजदेव प्रथम के समय प्रारंभ हुआ जब उनका विवाह आंध्र प्रदेश की चालुक्य राजकुमारी नोहला देवी से हुआ। नोहला देवी ने दक्षिण से शैव आचार्यों को त्रिपुरी (जबलपुर) बुलाया और प्रारंभ हुआ कलचुरि शिल्प का चरमोत्कर्ष हुआ। कटनी के पास बिलहरी में विविध मंदिरों का निर्माण हुआ और वहीं से बलुआ पत्थर कलचुरियों की राजधानी त्रिपुरी (तेवर, जबलपुर) लाए जाने लगे और उसके उपरांत कलचुरि शिल्प का अद्भुत विकास हुआ। नवीं शताब्दी से 12वीं शताब्दी के मध्य लगभग 300 वर्षों तक त्रिपुरी (तेवर) याने जबलपुर कलचुरियों का भारत के हृदय स्थल पर गौरवशाली शासन एवं इतिहास रहा है। राजा कर्ण कलचुरियों का सर्वाधिक प्रतापी राजा हुआ। मां मक्रवाहिनी और माँ त्रिपुर सुंदरी दोनों मूर्तियों का सृजन उसी के काल में हुआ। राजा कर्ण को वाराणसी बहुत प्रिय थी और उसने मंदिर एवं एक बस्ती भी वहीं बनाई थी। वहीं उसे नर्मदा नदी के माहात्म्य के बारे में जानकारी मिली थी कि माँ नर्मदा के दर्शन मात्र से पाप दूर हो जाते हैं और केवल इसी नदी की परिक्रमा होती है इसलिए माँ मक्रवाहिनी की मूर्ति का निर्माण कराया गया, ताकि दर्शन लाभ और प्रतिमा की परिक्रमा कर, नर्मदा की परिक्रमा कर धर्म लाभ उठाया जा सके। यह भी तथ्य था कि नर्मदा कुंवारी है इसलिए प्रतिमा के दर्शन करना ही उचित होगा और यह भी सत्य है कि कलचुरि राजाओं ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया है इसलिए भी संभव है कि जल प्रदूषण को लेकर भी कोई विचार रहा हो, इसलिए देवउठनी ग्यारस को माँ मक्रवाहिनी की प्रतिमा की स्थापना की गई।



### कलचुरि शिल्प का महत्व

विमायें कुछ इस तरह रखी गई हैं कि आप जितने बार कुछ अंतराल में देखेंगे तो मूर्तियों में बदलाव महसूस करेंगे, उन में आपको परिवर्तन दिखेगा जैसे त्रिपुर सुंदरी और मां मक्रवाहिनी वाहिनी। कलचुरि शिल्प अपनी विशेषताओं के लिए विलक्षण है, कलचुरि कालीन मूर्तियों के पार्श्व में किसी घटना की कथा अथवा ब्रह्मांड से संबंधित किसी दर्शन के संकेत मिलते हैं। हर मूर्ति में शैव मत का प्रभाव स्पष्ट दिखता है। अधिकतर अंकित देवी देवता और गण शिव शक्ति से जुड़े होते हैं। प्रत्येक मूर्ति स्वयं अपनी कथा कहती है। अंग अनुपात, शारीरिक गठन, आसन एवं आभूषणों का बाहुल्य कलचुरि कलाकृतियों की विशेषता है। माँ मक्रवाहिनी का स्वरूप दिन में तीन बार आप को परिवर्तित दिखेगा।

### आज शाम होगी माँ की महाआरती

विश्व की एकमात्र सबसे प्राचीन, दर्शन मात्र से मनोकामना पूर्ण करने वाली, माँ त्रिपुर सुंदरी की तरह दिन में तीन बार रंग बदलने वाली, माँ नर्मदा के सभी अवतरण कथाओं की पुष्टि करती हुई 1000 वर्ष से भी प्राचीन अद्भुत एवं अद्वितीय कलचुरि कालीन नर्मदा स्वरूप माँ मक्रवाहिनी प्रतिमा और उसके मंदिर पुनर्निर्माण के 52 वर्ष देव उठनी ग्यारस 15 नवंबर को पूर्ण हो रहे हैं - एतदर्थ प्रतिवर्षानुसार - महाआरती का आयोजन सायं 7.30 बजे से हो रहा है इस बार कोविड नियमों का पूरा पालन किया जाएगा। विश्व की इस महान् धरोहर के लिए - पहला श्रेय कलचुरि वंश के महान् सम्राट कर्ण और शिल्पियों को है.. दूसरा श्रेय हल्कू पहलवान और उनके साथियों को.. तीसरा श्रेय उन संरक्षकों एवं प्रबंधकों को है जिन्होंने माँ मक्रवाहिनी की प्रतिमा और उसके मंदिर को तन मन धन अर्पित कर सुरक्षित रखा है.. जिनमें वरिष्ठतम पीढ़ी में सर्वश्री शरद भाई पालन, प्रो राजेंद्र ऋषि, उदय भानु तिवारी अभिमन्यु जैन, यू एस दुबे, राज सागरी, डॉ कौशल दुबे, सुरेश मिश्र विचित्र संपूर्ण तिवारी, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, कल्ली तिवारी( चंद्र गोपाल तिवारी), वरिष्ठ पत्रकार विलोक पाठक, अनिल चौरसिया, संदीप जैन, बसंत मोदी, राजेश द्विवेदी, मुकेश दीक्षित, अयोध्या तिवारी, पं आशुतोष दीक्षित, पं नरेन्द्र तिवारी, प्रहलाद चौरसिया, शरद चौरसिया, निर्मल पटेल, पवन चौरसिया, राजकुमार नामदेव.. कनिष्ठ पीढ़ी में सतीश मोदी, विकी चौरसिया, मनोज चौरसिया, राजीव चौरसिया, अंशुल पांडे नीरज पटेल, टीपू पांडे और उनके वृहत समूह है साथ में मातृ शक्तियाँ हैं।

# विजय नगर में कुत्ते को मारी गोली

## लायसेंसी पिस्टल से किए तीन फायर



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में एक युवक ने अपनी लायसेंसी पिस्टल से डॉग पर दनादन तीन फायर कर उसकी जान ले ली। डॉग ने युवक के डेढ़ वर्षीय भतीजे को दो दिन पहले छपट्टा मार दिया था। रविवार रात 14 नवंबर की रात में डॉग को देखते ही लाइसेंसी पिस्टल से ताबड़तोड़ फायर किए गए। एक गोली सिर के पास तो दूसरी पेट के पास लगी है। विजय नगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पिस्टल जब्त कर ली है। विजय नगर टीआई सोमा मलिक के मुताबिक मामला मथुरा विहार कॉलोनी की है। नगर निगम से रिटायर हेल्थ ऑफिसर जीएस चंदेल के पोते कुशाग्र सिंह चंदेल ( 18 माह) को दो दिन पहले कॉलोनी वालों द्वारा मिलकर पाले गए डॉग ने छपट्टा मार दिया था, जिससे डॉग के नाखून लग गए थे। दरअसल कुशाग्र खेलते हुए बाहर निकल गया था। डॉग को देखते ही आ गया गुस्सा

### भतीजे को छपट्टा मारा था, चाचा ने ले लिया बदला

विजय नगर पुलिस के मुताबिक भतीजे कुशाग्र को डॉग के काटने से चाचा योगेश सिंह चंदेल गुस्से में था। रविवार की रात डॉग घर के पास घूमता दिख गया। योगेश ने अपनी लाइसेंसी 32 बोर की पिस्टल से डॉग को गोली मार दी। फायर की आवाज सुनकर आसपास के लोग किसी अनहोनी की आशंका में दौड़कर पहुंचे। खून से लथपथ कुत्ते को देखकर सारा माजरा समझ में आ गया।

### पड़ोसी की सूचना पर पहुंची पुलिस

पड़ोसियों ने विजय नगर पुलिस को इसकी खबर दे दी। मौके पर पहुंची टीआई सोमा मलिक ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। वारदात में प्रयुक्त पिस्टल जब्त कर लिया। डॉग को वेटनरी कॉलेज में पीएम के लिए भिजवाया है। वहां गोली निकाली जाएगी। डॉग को सिर के पास व पेट के पास दो गोली मारी गई है।

### मामला दर्ज, निरस्त होगा लाइसेंस

प्रकरण में एनजीओ पीपल पीस फाउंडेशन संचालक ग्वारीघाट निवासी अमरजीत कौर की शिकायत पर विजय नगर पुलिस ने आरोपी योगेश के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम और जानवर की जान को नुकसान पहुंचाने की धारा में मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी के मुताबिक आरोपी के पिस्टल का लाइसेंस भी निरस्त कराएंगे। गुस्से में जो व्यक्ति डॉग को मार सकता है, वो किसी की जान भी ले सकता है। यह पिस्टल का दुरुपयोग है।

## कमिश्नर ने किया बकरी का स्टरलाइज्ड दूध विक्रय का शुभारंभ



**जबलपुर।** जनजाति गौरव दिवस के उपलब्ध में आज कमिश्नर बी. चंद्रशेखर ने बकरी का स्टरलाइज्ड दूध विक्रय का शुभारंभ किये। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पशुपालन एवं डेयरी विभाग जबलपुर के दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक शर्मा सहित दुग्ध सहकारी समितियों से जुड़े लोगों थे। कमिश्नर चन्द्रशेखर ने कहा कि बकरी का स्टरलाइज्ड दूध जो इम्युनिटी बूस्टर का काम करेगा,क्योंकि यह पौस्टिक खनिज तत्वों से भरपूर है ।अब जबलपुर के लोगों को सरलता से स्वास्थ्यवर्धक और सुपात्र बकरी का दूध मिलने लगेगा । दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक शर्मा ने कहा कि बकरी दूध 200 मिली की बॉटल में अधिकतम 30 रुपये की दर से यह दूध फिलहाल जबलपुर दुग्ध संघ के पार्लर पर उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि बकरी के दूध से इम्यून सिस्टम बढ़ने के साथ मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है। यह हड्डियों में मजबूती बढ़ाने , हृदय के लिए फायदेमंद व एंटी- इन्फलेमेटरी गुणों से भरपूर भी है।

## सेंट्रल बैंक बेलखेड़ा शाखा में गड़बड़ झाला

# महिला के खाते से अंगूठा लगाकर कोई और निकाल ले गया रकम

**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर के सेंट्रल बैंक बेलखेड़ा में बड़ा गड़बड़ झाला सामने आया है। 8 महीने बाद खाते से पैसे निकालने गई एक महिला को पता चला कि उसी के नाम पर किसी ने पिछले महीने 8,500 रुपए निकाल लिए। महिला ने बेलखेड़ा थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बेलखेड़ा टीआई विजय अंभोरे के मुताबिक गुंदरई निवासी विधवा महिला लक्ष्मी बाई का खाता सेंट्रल बैंक में है। विधवा पेंशन की राशि इस खाते में आती है। आठ माह बाद सोमवार को वह पैसे निकालने बैंक पहुंची थी। उसने पैसे भर कर बैंक में लगाया तो पता चला कि खाते में उतनी रकम ही नहीं है। उसने बैंक प्रबंधन से बात की और खाते का विवरण निकलवाया तो पता चला कि पिछले महीने विड्रॉल भर कर पीछे गवाह के तौर पर सरस्वती सेन के हस्ताक्षर से पैसे निकाले गए हैं। विड्राल में न तो उसका मोबाइल नंबर है और ना खाता संख्या उसका दर्ज है। बावजूद उसके खाते से पैसे निकाल कर दे दिए गए। पुलिस पीड़िता के आवेदन की जांच कर रही है। शहर के ग्वारीघाट में रहकर खेती करती है महिला बैंक प्रबंधन बाद में महिला पर ही दोषारोपण करने लगा कि वही पैसे निकाल कर ले गई होगी। लक्ष्मी बाई के मुताबिक वह परिवार सहित जबलपुर के ग्वारीघाट में रहकर खेती करती है। आठ महीने बाद पैसे निकालने पहुंची तो रकम गायब थी। यहां बता दें कि चार माह पूर्व सेंट्रल बैंक में आग लग गई थी। तब से बैंक दो कमरे में संचालित हो रहा है। ग्रामीणों की शिकायत ये है कि चार महीने से न तो खाता खोला जा रहा है और न ही पासबुक में इंट्री की जाती है।

### पीड़िता ने थाने में दिया आवेदन, जांच जारी



# विधायक संजय यादव के निवास पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ

जबलपुर यशभारत। पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ आज जबलपुर प्रवास के दौरान बरगी विधायक संजय यादव के निवास पर पहुंचे और उनके पुत्र विभु यादव के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने विभु के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढ़स भी बंधाया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा, कांतिलाल भूरिया, सुनीता पटेल गाडरवारा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हिना कांवरे, भूपेंद्र मरावी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने भी सांत्वना जताई । इस मौके पर विधायक तरूण भनोत, लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, पूर्व पार्षद मदन लारिया आदि मौजूद थे।

### पुत्र के निधन पर जताया शोक

# 20 हजार नकद, कंबल ले गए चोर

## अधारताल में चोरी, मायके से लौटी तो घर हो चुका था साफ

जबलपुर यशभारत। अधारताल के सुभाष नगर में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी 20 हजार रुपए और चांदी के जेवरात समेत नए कंबल पार कर, रफूचक्कर हो गए। जिस समय यह घटना हुई पीड़िता अपने पति के साथ मायके गई हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर, सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। जानकारी अनुसार सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रचना लोधी ने पुलिस को बताया कि वह मायके गोटेगांव चली गई थी। सुबह पड़ोसी विनोद मिश्रा से पता चला कि उसके घर का ताला टूटा है। इस सूचना पर वह लौटी तो घर के बाहर का दरवाजा खुला था। अंदर से एलईडी, लैपटॉप, सोने की अंगूठी, चांदी की 6 चूड़ियां और 20 हजार रुपए, बायोमैट्रिक मशीन व नए कम्बल गायब थे। पुलिस ने दोनों प्रकरणों में चोरी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# खड़े डम्पर में घुस गई बेलगाम बाइक ,मौत

## कटंगी में हादसा, जबलपुर में लगाता था चाय की दुकान

**जबलपुर यशभारत।** कटंगी के बोरिया-भिलौदा सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक युवक जबलपुर में चाय की दुकान चलाता था। युवक बाइक से कटंगी जा रहा था तभी सामने खड़े डम्पर उसकी बाइक घुस हो गई जिसमें सिर-हाथ पैर में गंभीर चोट आई जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कटंगी के बोरिया भिलौदा रोड की साइड में एक बिगड़ा हुआ डम्पर खड़ा है। दरमियानी रात करीब 8.30 बजे जबलपुर से अपनी बाइक में विनोद सिंग चंदेल निवासी गनियारी कटंगी घर जा रहा था। रफ्तार तेज होने नहीं सम्हली बाइक मृतक जबलपुर से अपने घर जा रहा था, लेकिन रोड खाली होने से बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि युवक सम्हाल नहीं सका और रोड किनारे खड़े ट्रक में, बाइक समेत सीधे अंदर जा घुसा।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

### आईटीआई में थी चाय की दुकान

मृतक का भाई राघवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि विनोद सिंग की आईटीआई में चाय की दुकान थी और वह रोज इसी रुट से घर आता और जाता था। यह हादसा कैसे हो गया, किसी को कुछ नहीं पता। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है तो वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### महिला को ट्रक ने मारी टक्कर

वहीं, बेलखेड़ा थाना के करैया में आज सोमवार की सुबह रोड पार कर रही एक अधेड़ महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना स्थल पर मची चीख पुकार के दौरान, राहगीरों ने महिला को जख्मी हालत में शहपुरा अस्पताल में भर्ती करवाया है। जहां इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि तुलसा बाई उम्र 50 वर्ष, करैया की ही निवासी है। घटना के दौरान महिला रोड पार कर रही थी, लेकिन अचानक सामने से ट्रक को आता देख, घबरा गयीं। मौके पर पहुंची पुलिस को घटना स्थल पर कुछ टूटी हुई कांच की चूड़ियां मिली है। अस्पताल से सूचना आने पर, पुलिस मामला दर्ज करेगी।

## बाबा ठाकुर को दी गई अश्रुपूरित अंतिम विदाई



**जबलपुर।** शांति नगर दमोह नाका निवासी डॉ. बाबा ठाकुर का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा निज निवास से बिलहरी कब्रिस्तान पहुंची अंतिम संस्कार किया गया। वे कर्मचारी संघ अध्यक्ष रार्बट मार्टिन के ससुर थे। समाज के सभी वर्ग के लोगों ने कब्रिस्तान पहुंच कर बाबा ठाकुर को अश्रुपूरित अंतिम विदाई दी।

# शराबी कार चालक ने वेटरनरी के दो छात्रों को मारी टक्कर

**जबलपुर यशभारत ।** तेज रफ्तार भोपाल पासिंग कार की टक्कर से वेटरनरी कालेज के दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। रविवार रात पेंटीनाका-सृजन चौक के बीच हादसे को अंजाम देकर चालक कार समेत फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज की मदद से कार समेत दबोच लिया। पकड़ा गया आरोपी शराब के नशे में धुत्त था। इस हादसे में दोनों छात्रों को गंभीर चोट आई हैं। विक्टोरिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वेटरनरी कालेज में इंटर्न छात्र कपिल केम तथा हमजा छात्रावास में रहते हैं। दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर सदर स्थित एक होटल गए थे। भोजन पैक कराने के बाद दोनों छात्रावास लौट रहे थे। पेंटीनाका चौक से सृजन चौक की तरफ दोनों आ रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार के चालक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों मोटरसाइकिल से उछलकर सड़क पर जा गिरे। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही कैंट पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित कार चालक को पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू की गई।

**वैदिक ज्योतिष समाधान**

कुंडली निर्माण/फलादेश, कुंडली मिलान/गुण मिलान, नौकरी/व्यापार, बाधा, शैतान बाधा, विवाह बाधा/स्वास्थ्य समस्याएँ , कानूनी विवाद/पारिवारिक विवाद,पितृदोष/मंगलदोष/ऋणदोष आदि कुंडली दोषो आदि किसी भी तरह की जीवन से जुड़ी समस्याओं के वैदिक ज्योतिष समाधान के लिए संपर्क करें।

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर
मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,
समयः 9 AM से 10 PM

**न्यायालय नायब तहसीलदार खम्हरिया वृत्त जबलपुर**

प्रकरण क्र./496/A 6/21-22

**//आम इश्तहार//**

ग्राम विलगड़ा तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मनीष साहू पिता/पति रामकुमार साहू साकिन- विलगड़ा ने ग्राम विलगड़ा राजस्व निरीक्षक मंडल खम्हरिया स्थित भूमि ख.नं. 541, 42, 217 36 रकवा 0.69 0.23 0.28 0.05 हे. भूमि के फौती/ विक्रय पत्र आपसी बंटवारा के आधार पर नामांतरण/बंटवारा हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। अत: उक्त भूमि के फौती/विक्रय पत्र/आपसी बंटवारा के आधार पर नामांतरण/बंटवारा/ अभिलेख दुरूस्त/ रकवा सुधार तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक तक इस न्यायायाल में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। इश्तहार आज दिनांक 12/11/2021

**पेशी दिनांक- 26/11/2021**

**नायब तहसीलदार**
**खम्हरिया वृत्त जबलपुर**

# लालघाटी से राजा भोज एयरपोर्ट तक कड़ी सुरक्षा

**भोपाल।** जनजाति गौरव सम्मेलन में शामिल होने के लिए भोपाल आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। लालघाटी से पुराने एयरपोर्ट तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है! प्रधानमंत्री का विमान 12ः30 से 1ः00 के बीच एयर ट्रेफिक कंट्रोल रूम के पास के रनवे पर लैंड होगा। पुराने एयरपोर्ट और स्टेट हेंगर की ओर जाने वाले मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात कर दी गई है। सामान्य वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद है। किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप के सदस्य भी सड़क पर घूम कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। स्टेट हैंगर पर केवल उन्हीं वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है जिनके पास अधिकृत पास है और जिन्हें प्रधानमंत्री की अगवानी के लिए अधिकृत किया गया है। मुख्य और पोर्ट की ओर जाने वाले वाहनों की भी जांच की जा




रही है स्थानीय पुलिस के अलावा विशेष पुलिस बल को भी तैनात किया गया है वहीं एयरपोर्ट आसपास की सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्पेशल कमांडो फोर्स तैनात किया गया है।

## कार्गो टर्मिनल शाम तक बंद रहेगा

पुराने एयरपोर्ट टर्मिनल के पास ही डोमेस्टिक कार्गो टर्मिनल बना हुआ है। यहां पर विमान से आने वाले सामान का स्टोरेज किया जाता है। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से इसे बंद कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को विशेष विमान से दिल्ली रवाना होंगे।उनका विमान टेकआफ़ होने के कुछ समय बाद टर्मिनल को खोला जाएगा। फिलहाल यात्री विमान से पहुंचे सामान को मुख्य एयरपोर्ट के एक ऐसे में उतारा जा रहा है। शाम को यह सामान कार्गो टर्मिनल तक पहुंचाया जाएगा।



# लोकरंग में रंगा जम्बूरी मैदान, चेहरे पर गौरव की मुस्कान

**भोपाल।** जनजातीय गौरव दिवस पर राजधानी का जम्बूरी मैदान लोकरंग के रंग में रंग गया है। यहां आयोजित महासम्मेलन में जनजातीय लोग परंपरागत लोक नृत्य करते हुए पहुंच रहे हैं। पैरों में घुंघरू और हाथों में तीर-कमान थामे यह लोग गीतों के माध्यम से अपने देवों की आराधना कर रहे हैं, तो अपनी परंपरा का प्रदर्शन भी कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुबह छह बजे से जनजातीय बंधुओं और भाजपा कार्यकर्ताओं का पहुंचना शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर एक बजे तक आएंगे, पर अभी से कार्यक्रम स्थल पर भीड़ का यह आलम है कि जहां तक नजर जाती है, खाली स्थान नजर नहीं आता। प्रदेश के विभिन्न् इलाकों से आए जनजातीय महिला-पुरुषों को कार्यक्रम स्थल पर बैठाया जा रहा है। उनके हाथों में धन्यवाद मोदी की तख्तियां हैं, तो चेहरे पर गौरव की मुस्कान। चर्चा में वे कहते हैं कि जो सम्मान उनके समाज को आज मिला है। उसकी तो समाज के लोगों ने कल्पना भी नहीं की थी। समाज के शहीदों-वीरों को आज वास्तव में सम्मान मिला है।

# सात हजार विद्यार्थियों ने दी एनडीए और सीडीएस परीक्षा




**इंदौर ।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा रविवार को नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) और कंबाइंड डिफेंस सर्विस (सीडीएस) परीक्षा आयोजित की गई। शहर के 19 केंद्रों पर हुई परीक्षा में कोरोना गाइडलाइन के नियमों का सख्ती से पालन कराया गया। इसमें कई महिला उम्मीदवार भी परीक्षा देने पहुंची।सभी केंद्रों पर पुलिस की निगरानी में परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र और पहचान पत्र जांचने के बाद सैनिटाइजेशन किया गया और परीक्षा हाल में प्रवेश दिया गया। किसी तरह की नकल न हो सके इसके लिए विद्यार्थियों को जांचा गया। मोबाइल, स्मार्ट वाच, केल्कुलेटर और सभी तरह के गैजेट्स लाने की अनुमति नहीं थी। करीब 400 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। इसमें इंडियन, आर्मी, नेवी और एयर फोर्स के पद शामिल है। सुबह नौ बजे से शाम 4.30 बजे के बीच कई चरण में परीक्षा आयोजित की गई। उपायुक्त सपना शिवाले ने बताया कि एनडीए और सीडीएस में शहर से करीब सात हजार विद्यार्थी शामिल हुए।

## भारतीय इतिहास के कई प्रश्न पूछे गए

परीक्षा के विशेषज्ञ निखिल दिवानजी ने बताया कि एनडीए में गणित और जनरल एबिलिटी के प्रश्न पूछे गए जिन विद्यार्थियों का फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित विषय मजबूत था उनके लिए परीक्षा सामान्य रही। महिला प्रतिभागियों की संख्या कम रही है लेकिन 10 अप्रैल 2022 में होने वाली परीक्षा में काफी संख्या में महिला प्रतिभागी की संख्या परीक्षा में बढ़ सकती है। सीडीएस में भारतीय इतिहास के काफी प्रश्न पूछे गए थे। परीक्षा में पहली बार भूगोल विषय से एनालिटिक्स प्रश्न पूछे गए थे। इससे उम्मीद जताई जा सकती है कि अगले वर्षों में भी भूगोल पर और ध्यान विद्यार्थियों को देना होगा।

## 12 केंद्रों पर 2503 विद्यार्थियों ने दी पीएससी स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा रविवार को आयोजित की गई स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा दोपहर में 12 से 3 बजे के बीच हुई। परीक्षा में शामिल होने के लिए 3992 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था इसमें से 2503 विद्यार्थी शामिल हुए। वहीं प्रदेश में परीक्षा के लिए 39 केंद्र बनाए गए थे। इसमें 14 हजार 273 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था लेकिन 8769 ही उपस्थित रहे। शहर में परीक्षा के लिए 12 शिक्षण संस्थानों को केंद्र बनाया गया था। आयोग ने सभी केंद्रों पर कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराया। परीक्षा नियंत्रक डा. मदनलाल जैन ने बताया बिना किसी परेशानी के सभी केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। आासपास के क्षेत्रों से भी कई विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे थे।




# भविष्य मभोपाल व मप्र को गति देने वाला बड़ा केंद्र बनेंगा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन

**भोपाल।** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन। यह एक स्टेशन नहीं, बल्कि भविष्य में भोपाल व मप्र को गति देने वाला बड़ा केंद्र होगा। यहां से अभी 102 ट्रेनें ठहराव लेकर गुजरती हैं, इनकी संख्या अगले पांच साल में 190 से अधिक हो जाएगी। इनमें चढ़ने-उतरने वाले लाखों यात्री होंगे। इनकी सुविधा के लिए हजारों सैंकड़ों स्टाल, फूट प्लाजा, रेस्टारेंट होंगे। इनमें हजारों कर्मचारी व कुलियों को काम मिलेगा। इनकी रोटी रोटी चलेगी। स्टेशन परिसर में उद्योग भले नहीं है और होंगे लेकिन परिसर में हजारों कार्यालयीन व व्यवसायिक दफ्तर, हजारों दुकानें, पांच सितारा होटल, अस्पताल और सिनेमा हाल होगा। स्वभाविक है इनमें हजारों हाथों को काम मिलेगा। यहां से होने वाली खरीदी-बिक्री प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को गति देगी।

## 200 स्टाल से 600 बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार

स्टेशन परिसर में 200 से अधिक स्टाल होंगे। स्टाल चौबीस घंटे खुले रहते हैं। एक शिफ्ट आठ घंटे की होती है। तीन शिफ्ट में तीन लोगों को रोजाना रोजगार मिलेगा। इस तरह 600 बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। अगले पांच साल में स्टेशन पर 190 ट्रेनों के ठहराव की योजना है। एक ट्रेन के ठहरने से न्यूनतम 10 लोगों को काम मिलता है। ये वेंडर, कुली, एजेंसी लेकर टिकट काउंटर चलाने वाले एजेंट, बाहर से भोजन व नाश्ते की डिलीवरी देने वाले लोग होते हैं। इस तरह 1900 लोगों को काम मिलेगा। स्टेशन परिसर में चार नवीन भवन बनने हैं। इनमें से आफिस काम्प्लेक्स भवन बन चुका है। इनमें निजी क्षेत्र के 500 आफिस खुलेंगे। एक आफिस में न्यूनतम दो लोगों को भी रोजगार मिला तो 1000 लोग काम पाएंगे। प्लेटफार्म-पांच की तरफ होटल व अस्पताल बनाने के निए भवन निर्माण का काम चल रहा है। तीनों में एक अनुमान के मुताबिक 2500 लोगों को रोजगार मिलेगा। प्लेटफार्म-एक की तरफ एक बड़ा शापिंग माल खुलेगा, इसके लिए भवन बनकर लगभग तैयार है। इसके अंदर 500 से अधिक दुकानें होंगी। एक दुकान में न्यूनतम पांच लोग होंगे। इस तरह 2500 बेरोजगार लाभान्वित होंगे।

# प्राचार्य और परीक्षा प्रभारी की लड़ाई में 150 स्टूडेंट्स फेल



**भिंड।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश द्वारा डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष का रिजल्ट शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। डाइट भिंड से छ्रश्वद्यश्वस्त्र की पढ़ाई करने वाले करीब 150 स्टूडेंट्स को फेल घोषित किया गया है। एक भी स्टूडेंट पास नहीं हुआ क्योंकि डाइट की ओर से एमपी बोर्ड दो विद्यार्थियों के आंतरिक अंक भेजे ही नहीं गए थे। बोर्ड की तरफ से सभी विद्यार्थियों को अनुपस्थित घोषित कर दिया गया। सभी विद्यार्थियों ने कलेक्टर भिंड को ज्ञापन देकर साल बचाने की मांग की है। डाइट के परीक्षा प्रभारी पीपी पचौरी का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि इस बारे में हम कुछ नहीं कह सकते। तत्कालीन प्राचार्य जिद पकड़ गए थे। वह मनमानी कर रहे थे। इंटरनल मार्क्स भेजने का काम उन्हीं का है। उन्होंने नहीं भेजे। तत्कालीन प्राचार्य बी एस सिकरवार का कहना है कि जब साल भर कक्षाओं का संचालन ही नहीं हुआ तो आंतरिक मूल्यांकन कैसे करेंगे। इस बार इंटरनल मार्क्स भेजने की तारीख अलग-अलग थी, इसलिए चूक हो गई। वर्तमान प्रभारी प्राचार्य पीएस चौहान का कहना है कि 10 सितंबर तक बोर्ड के पास इंटरनल मार्क्स भेजे जाने थे। प्राचार्य और परीक्षा प्रभारी की आपसी खींचतान की वजह से आतरिक मूल्यांकन के नंबर बोर्ड तक नहीं पहुंच पाए। हमने कलेक्टर के माध्यम से बोर्ड के पास पत्र भिजवाया था। कुल मिलाकर प्राचार्य और परीक्षा प्रभारी के बीच पॉलिटिक्स अभी भी जारी है और इसका नतीजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।



# भटकती मिली युवती को स्वजनों को सौंपा

**इंदौर।** रेलवे स्टेशन के पास अकेले भटक रही एक युवती को पुलिस ने स्वजनों को ढूंढ़कर उनके सुपुर्द किया। पुलिस को पता चला कि युवती दिमागी रूप से कमजोर है और वह रास्ता भटककर यहां आ गई है। छोटी ग्वालटोली थाना प्रभारी सविता चौधरी ने बताया कि शनिवार रात जानकारी मिली कि रेलवे स्टेशन के पास एक युवती बहुत देर से अकेले घूम रही है। जानकारी मिलते ही उन्होंने टीम को भेजा। युवती से बात करने की कोशिश की तो वह घबराई हुई थी और कुछ बता नहीं पा रही थी। इसके बाद पुलिस उसे थाने लेकर आई। यहां उससे बात करने की कोशिश की गई लेकिन वह घरवालों की कोई जानकारी नहीं दे पा रही थी। बहुत देर बात करने के बाद उसने सिर्फ बिचौली मर्दाना बताया। पुलिस उसे लेकर वहां पहुंची। क्षेत्र में उसके परिवार की तलाश करते रहे तब पता चला कि कुछ समय पहले परिवार के लोग वहां रहते थे। वहां से उन्होंने अपना घर बदल लिया है। यहां लोगों से जानकारी जुटाने के बाद पता चला कि युवती परदेशीपुरा क्षेत्र में परिवार के साथ रहती है। इसके बाद पुलिस परदेशीपुरा थाने पहुंची। पुलिस ने स्वजनों को ढूंढ़ने में बहुत मशक्कत की, जिसके बाद युवती को उनके हवाले कर दिया। युवती के घर से लापता होने पर परिवार के लोग काफी परेशान थे। वह भी उसकी तलाश कर रहे थे, जब पुलिस उसे घर लेकर पहुंची तो उन्होंने राहत की सांस ली। परिवार ने बताया कि युवती की दिमागी हालत कमजोर है। परिवार के लोग उसका विशेष रूप से ध्यान रखते हैं। शनिवार को पता नहीं चला कि कब घर से निकल गई। युवती के सुरक्षित मिलने पर स्वजनों ने पुलिस का धन्यवाद दिया और उसे अपने घर लेकर गए।

# दबंग रामबाई ने एसपी को सुनाई खरी-खरी

**दमोह।** दमोह के पथरिया से विधायक रामबाई ने एसपी तेनीवार को हत्या के एक मामले में खरी-खरी सुना दी.दमोह के पथरिया से विधायक रामबाई ने एसपी तेनीवार को हत्या के एक मामले में खरी-खरी सुना दी चर्चाओं में रहने वाली दबंग पथरिया विधायक रामबाई ने एक बार फिर दबंगई दिखाई दी है. इस बार उन्होंने दमोह के एसपी डीके तेनिवार को निशाने पर लिया है. मारपीट और हत्या के एक मामले में रामबाई मृतक के परिवार से मिलने पहुंचीं और पूरी जानकारी मिलने के बाद भड़क उठीं. उन्होंने तुरंत एसपी को फोन लगाया और कहा कि आप दमोह में गलत कर रहे हैं. आपकी पुलिस लगातार लापरवाही कर रही है. दरअसल, इस मामले में पुलिस ने पीड़ित परिवार पर भी केस किया है दमोह. अक्सर विवादों में रहने वाली दमोह के पथरिया से विधायक रामबाई एक बार फिर चर्चा में हैं. इस बार उन्होंने जिले के एसपी डीआर तेनीवार को खरी-खरी सुना दी. मारपीट और हत्या के एक मामले को लेकर रामबाई ने एसपी से मोबाइल पर कहा- आपकी पुलिस लगातार लापरवाही कर रही है. नेगुवां गांव में इस परिवार पर हुए हमले में पुलिस ने पीड़ित परिवार पर भी अपराध दर्ज कर दिया है. जबकि उनके ऊपर हमला किया गया. उनके परिवार के एक सदस्य की मौत भी हो गई रामबाई ने एसपी से कहा कि जिन पर अत्याचार हुआ पुलिस ने उन्हीं पर केस कर दिया. दूसरी ओर, तेनीवार ने सफाई के लिए कुछ कहना चाहा तो विधायक रामबाई ने कहा- जब इस परिवार की महिलाएं आपके पास शिकायत लेकर पहुंचीं तो आपने उनसे कहा एसपी आप हैं कि, महिलाएं? आपको इस तरह से महिलाओं से बात करनी चाहिए थी. आप दमोह में बैठकर गलत कर रहे हैं. महिला विधायक ने पुलिस कप्तान से कहा कि ये महिलाएं पहले भी करीब 8 शिकायतें कर चुकी हैं. लेकिन, पुलिस ने एक भी मामले में कार्रवाई नहीं की. ऐसा नहीं चलेगा. इस दौरान एसपी तेनीवार लगातार अपनी बात रखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन फिर हारकर उन्होंने कहा कि वह भी गांव पहुंच रहे हैं. गांव में ही बात करेंगे अक्सर विवादों में रहने वाली दमोह के पथरिया से विधायक रामबाई एक बार फिर चर्चा में हैं. इस बार उन्होंने जिले के एसपी डीआर तेनीवार को खरी-खरी सुना दी. मारपीट और हत्या के एक मामले को लेकर रामबाई ने एसपी से मोबाइल पर कहा- आपकी पुलिस लगातार लापरवाही कर रही है

# मध्य प्रदेश में आजादी के संघर्ष में जनजातियां रहीं सबसे आगे

**भोपाल।** भारत की संस्कृति, स्वाभिमान और स्वायत्तता के लिए जनजातियों ने संघर्ष किया और बलिदान दिया। ऐसे उदाहरण और कहीं नहीं मिलते हैं। विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ सबसे पहले सन 1818 से पहले जनजातियों ने ही शस्त्र उठाए। मजरों, टोलों से तीर-कमान उठाए और अंग्रेजों से संघर्ष किया। मध्य प्रदेश में जनजाति क्रांति का लंबा इतिहास है। उत्तर में विंध्याचल से लेकर दक्षिण-पश्चिम में सहयाद्रि के पश्चिमी घाट तक का अंचल भीलों का निवास था। अंग्रेजी राज में भीलों का दमन, शोषण किया गया। आखिर भीलों ने भी शस्त्र उठा लिए। उन्होंने श्रृंखलाबद्ध संघर्ष किया। ऐसे नायकों में बिरसा मुंडा, खान देश के संषर्घ में दशरथ-हिरिया भील, टंटया भील, भीमा नायक, खाज्या नायक, सीताराम कंवर, रघुनाथ सिंह मंडलोई आदि ने संघर्ष का गौरवपूर्ण इतिहास रचा। सन 1857 की क्रांति में संपूर्ण मालवा-निमाड़ में क्रांतिकारियों का जाल फैला था। खरगोन और आसपास का क्षेत्र क्रांतिकारियों का प्रमुख केंद्र था। इन भील जननायकों में टंटया भील अपने शौर्य और पराक्रम से अलौकिक किवदंती बन गए। सन 1842 के आसपास जन्मे टंटया भील 16 साल की उम्र में क्रांतिवीर हो गए। संकट में लोग टंटया मामा को पुकारते और वह लोगों को शोषण से मुक्त करवाते। उन्होंने अंग्रेजों के चाटूकार सेठ-साहूकारों के चंगुल से दीनहीन गरीबों को मुक्ति दिलाई।निमाड़ क्षेत्र के भीमा नायक ने सन 1840 से 1864 तक अंग्रेजों के विरुद्ध भीलों की क्रांति का नेतृत्व किया। उन्होंने सन 1857 के स्वतंत्रता समर में निमाड़ में अंग्रेजों को हिलाकर रख दिया। वह बड़वानी रियासत के पंचमोहली गांव के रहने वाले थे। अंग्रेजों के शोषण और अत्याचारों से मुक्ति के इस मोर्चे में भीमा की मां सुरसी ने भी एक क्रांतिकारी टोली का नेतृत्व किया। अंग्रेजों की कैद में उन्हें यातनाएं दी गईं। भूख-प्यास से तड़पती सुरसी ने जेल में ही अपना बलिदान दिया।खाज्या नायक निमाड़ के सेंधवा घाट के निवासी थे। उन्होंने अंग्रेजी राज को नकारते हुए अंग्रेजों की नौकरी छोड़ दी और बड़वानी क्षेत्र में भीलों के स्वतंत्रता संग्राम की कमान संभाली। खाज्या ने सन 1857 महासंग्राम के तत्कालीन विराम के बाद भी अपना युद्ध जारी रखा। लगातार संघर्ष किया और बगैर किसी समझौते के फांसी पर चढ़ गए।



## सीताराम कंवर और रघुनाथ सिंह भिलाला

सीताराम कंवर और रघुनाथ सिंह मंडलोई (भिलाला) जनजाति नायक थे। उन्होंने सन 1857 के युद्ध में अंग्रेजों के विरुद्ध निमाड़ क्षेत्र में आवाज उठाई। शोषण के खिलाफ मोर्चा लिया और अंग्रेजों से युद्ध करते हुए प्राण त्याग दिए। उन्होंने भील-भिलाला के तीन हजार क्रांतिकारियों का संगठित दल बनाकर होल्कर दरबार के सवारों, सिपाहियों आदि को भी क्रांति के लिए प्रेरित किया।


## शंकर शाह-रघुनाथ शाह


जबलपुर अंचल के राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह का स्वतंत्रता संघर्ष में बड़ा योगदान है। गोंडवाना के गोंड राजवंश के प्रतापी राजा शंकरशाह और उनके पुत्र रघुनाथशाह ने भारत के पहले स्वतंत्रता संग्राम में जबलपुर क्षेत्र का नेतृत्व किया था। राष्ट्रभक्ति पर भावपूर्ण कविता लिखने पर राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह को तोप से उड़ा दिया गया था। रानी ने अधजले अवशेष को एकत्र कर उनका विधिवत अंतिम संस्कार किया।

## छिंदवाड़ा के जनजातीय नायकों की हुंकार

सन 1923 में देश में राष्ट्रव्यापी स्वाधीनता आंदोलन चरम पर था, तब छिंदवाड़ा के जनजातीय नायक बादल भोई अपने साथियों के साथ स्वाधीनता संग्राम में शामिल हो गए। बादल भोई ने तामिया तहसील में सभा की, जिसमें जोशीले भाषण और आह्वान से कोयतोर (गोंड) जनजाति के लोग स्वाधीनता संग्राम से जुड़ गए। उनके नेतृत्व में हजारों जनजाति वीरों ने मोर्चा थाम लिया। क्रांतिकारियों में बादल भोई के साथ सहरा भोई, अमरू भोई, इमरत भोई, लोटिया भोई, टापरू भोई और झंका भोई जैसे जनजाति नायक संघर्ष करते हुए मातृभूमि पर बलिदान हो गए। महात्मा गांधी के नमक सत्याग्रह ने मध्य प्रदेश में जंगल सत्याग्रह की नींव रखी। आदिवासियों ने जंगल सत्याग्रह में अपनी सशक्त भागीदारी दिखाई।

# पंचकल्याणक महोत्सव में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ





**शहपुरा ( भिटौनी )।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में शहपुरा में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन चल रहा है । जिसमें आज पांचवें दिन सुबह 11:00 बजे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ हेलीकॉप्टर से शहपुरा पहुंचे और हेलीपैड से सीधे नगर का भ्रमण करते हुए मंदिर में पहुंचकर आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया और आधा घंटे महाराज जी का सत्संग भी प्राप्त किया । यश भारत संवाददाता द्वारा जानकारी लेने पर उन्होंने बताया मेरा बड़ा सौभाग्य आज महाराज जी के दर्शन हुए और उनका सत्संग प्राप्त हुआ उन्होंने कहा देश मध्यप्रदेश की सुख शांति के लिए महाराज जी से आशीर्वाद मांगा ।



## आचार्य विद्यासागर जी ने दिया आशीर्वाद

पंचकल्याणक महोत्सव का चतुर्थ दिन...तप कल्याणक महोत्सव पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव के चौथे दिन सुबह भगवान के तप कल्याणक की पूजन संपन्न हुई...सुबह ही आचार्य श्री के शिष्य निर्यापकश्रमण मुनिश्री योग सागरजी महाराज ससंघ की मंगल आगवानी समस्त इन्द्र-इन्द्राणियो एवं जनसमूह ने की..मुनिसंघ ने आचार्य श्री का आशीर्वाद एवं परिक्रमा कर उनका बहुमान किया। दोपहर में पंचकल्याणक महोत्सव में सौधर्म इन्द्र और महाराज आदिकुमार की सभा लगाई गयी...जिसमें महाराज आदिकुमार ने प्रजा को असि,मसि,कृषि आदि षट कर्मो का उपदेश दिया..तत्पश्चात आदिकुमार के वैराग्य का चित्रण किया गया..और गुरुदेव ने आदिकुमार के संयम के संस्कार किये। गुरूदेव ने इस अवसर पर मांगलिक प्रवचन देते हुये कहा कि संयम ही इस मनुष्य जन्म का लक्ष्य और उद्देश्य होना चाहिये, संयम से जीवन परिवर्तित हो जाता है ,आदिकुमार का जीवन भी परिवर्तित होकर आदिश्वर स्वामी हो गये..गुरुदेव ने आज के आनंद कारी महोत्सव को अद्भुत और अनमोल बताया.. पुण्य भाग्य से ही ऐसा अवसर प्राप्त होता है।





## आज से कोचिंग डिपो में अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल शुरू

***जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल प्रशासन द्वारा ट्रेन लाइटिंग व एसी स्टाफ की जान को जोखिम में डालकर दबाव बनाकर कार्य कर रहा है, रेलवे बोर्ड के स्पष्ट आदेश का उल्लंघन करते हुए ट्रेनों के एसी कोच में कम स्टाफ लगा रहा है, जिससे कर्मचारियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। लगातार वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) द्वारा रेल प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराया गया, किंतु रेल प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, जिसके विरोध में आज सोमवार 15 नवम्बर से डबलूसीआरईयू के तत्वावधान में कोचिंग डिपो में अनिश्चितकालीन क्रमिक भूखहड़ताल, धरना शुरू कर दिया गया है।जबलपुर कोचिंग काम्पलेक्स परिसर में डबलूसीआरईयू के अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल धरना आंदोलन की शुरुआत करते हुए यूनियन के मंडल सचिव नवीन लिटोरिया व मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला ने कहा कि मंडल रेल प्रशासन एसी एवं टीएल कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लगातार नजर अंदाज करता आ रहा है। रेल प्रशासन रेलवे बोर्ड का स्पष्ट आदेश का भी उल्लंघन कर रहा है।*जबलपुर मंडल कर रहा रेलवे बोर्ड के आदेश की नाफरमानी* ।यूनियन मंडल सचिव नवीन लिटोरिया ने बताया कि रेलवे बोर्ड का स्पष्ट आदेश है कि जिस ट्रेन में 05 या उससे अधिक एसी कोच हैं, उसमें कम से कम 02 एसी कोच मेकेनिक लगाया जाए, लेकिन जबलपुर मंडल रेल प्रशासन बोर्ड के आदेश की नाफरमानी करते हुए 8 से 10 एसी कोच की ट्रेनों में भी 01 मेकेनिक की ड्यूटी लगा रहा है। यह सब वह इसलिए कर रहा, ताकि उसे स्टाफ को ओवर टाइम का भुगतान नहीं करना पड़े।

# विहिप बजरंग दलआयुध जिला डायरी विमोचन सेवा कार्य हेतु आभार पत्र से किया सम्मानित



**जबलपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आयुध जिला द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी टेलीफोन डायरी परिचय का विमोचन किया गया । विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमान विनोद बंसल जी सुरेंद्र सिंह जी ललित पारधी जी रजनीति जैन जी अशोक मक्कड़ जी के कर कमलों से आयुध जिले की डायरेक्टरी का विमोचन 14 नवंबर दिन रविवार को रेन बसेरा गौर में किया गया। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री विनोद बंसल जी ने इस अवसर पर कहा की राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र शक्ति के जन जागरण से ही भारत पुन: जगद्गुरु बनेगा सदियों से अनेक महापुरुषों ने राष्ट्रपति और राष्ट्र शक्ति के जन जागरण का महत्वपूर्ण कार्य किया है इसी श्रंखला में विश्व हिंदू परिषद भी हिंदू समाज की शक्ति और भक्ति के जागरण का कार्य कर रहा है। प्रांत संगठन मंत्री श्रीमान सुरेंद्र सिंह जी ने इस अवसर पर कहा कि विश्व हिंदू परिषद सभी समाजों को हिंदुत्व रूपी माला में पिरोने का कार्य कर रहा है हम लोग जागरण के द्वारा समाज को संगठित कर रहे हैं हम समाज में हो रहे सांस्कृतिक धार्मिक आक्रमणों के लिए जागृति लाने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर दीपावली के पावन अवसर पर मां सीता प्रसाद रोटी में सहयोगी समाजसेवियों को आभार पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह जी ललित पारदी जी रजनीश जैन जी प्रदीप गुप्ता जी पंकज श्रीवात्रि रोहित ठाकुर जी अशोक मक्कड़ विजय यादव राजा ठाकुर विक्रम सिंह संजय मिश्रा राहुल गुप्ता अविनाश महावर रोहित कुरील साहिल पदम जितेंद्र चौधरी तरुण भारद्वाज सहित सभी प्रखंडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री की नेहरू की जयंती मनाई



पनागर। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पनागर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री सम्म्मति सैनी ने जवाहरलाल नेहरू के राष्ट्रीय विकास एवं उनकी राष्ट्रहित विचारधारा से अवगत कराया,कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष विमल जैन,तुलसीराम कुशवाहा,रामू मिश्रा,सीताराम कुशवाहा,राजेश ठाकुर,बे ?ी लाल कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे

## आशुतोष तिवारी को श्री परशुराम सेवा सम्मान

**जबलपुर।** भगवान परशुराम जी की शिक्षाओं को आत्मसात करने तथा उनके जीवन आदर्शों के प्रचार - प्रसार में विशिष्ट योगदान हेतु श्री परशुराम धाम विकास समिति द्वारा श्री आशुतोष तिवारी को परशुराम सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश शासन की राज्य शिक्षा सलाहकार डॉ . श्रद्धा तिवारी के मुख्यातिथ्य तथा मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री पं. योगेंद्र दुबे की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ. एच. पी. तिवारी, सचिन मिश्रा, सुनील जैन,राजेंद्र तिवारी ,दिनेश दुबे, प्रभात तिवारी व जीवेश पांडे आदि उपस्थित थे। डॉ. श्रद्धा तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम जी के बताए मार्ग पर चलकर ही वर्तमान वैश्विक समस्याओं का समाधान और मानव मात्र का कल्याण हो सकता है। उन्होंने आशुतोष तिवारी को भगवान परशुराम जी का सच्चा अनुयाई निरूपित करते हुए इनकी सेवाओं को जन जन के लिए अनुकरणीय व वंदनीय बताया । कार्यक्रम अध्यक्ष पं. योगेंद्र दुबे ने श्री आशुतोष तिवारी के सम्मान को सम्पूर्ण संगठन का सम्मान बताते हुए उनकी धार्मिक व सामाजिक सेवाओं में उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

## तुलसी पौधा नहीं, देवी है: साध्वी विभानंद गिरी जी

**जबलपुर।** सदर स्थित सिद्ध मां काली मंदिर प्रांगण में हिन्दू सेवा परिषद मां काली प्रखंड द्वारा तुलसी दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे 251 महिलाओं को तुलसी भेंट कर दीक्षास दी गई । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साध्वी विभानंद गिरि जी सम्मिलित हुई उन्होंने बताया तुलसी पौधा नहीं, देवी है।तुलसी धार्मिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हमारे जीवन को पवित्र और निरोगी बनता है, तुलसी जिस जगह होगा, सुख शांति ऐश्वर्य शाली अपनी उर्जा से मनुष्य के जीवन को ओतप्रोत करता है। तुलसी पौधा के साथ श्रृंगार ,पंचांग एवं एकादशी कथा पुस्तक भेंट की गई। तुलसी के पास घृत का दीपक जलाने से तनाव और अवसाद दूर होता, चित्त प्रसन्न होता है। तुलसी देवी की सेवा करने महिलाओं के सुहाग की आयु दीर्घायु होती है, नकारात्मता घर से दूर रहती है।



हिंदू सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया तुलसी का पौधा लगभग हर घर में पाया जाता है तुलसी का पौधा बुध का प्रतिनिधित्व करता है। हिंदू धर्म में तुलसी को मां का दर्जा दिया गया है तथा तुलसी को माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को तुलसी का विवाह किया जाता है। इस दिन को देवउठनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु 4 माह की लंबी निद्रा से जाते हैं और इसी के साथ हमारे शुभ मुहूर्त एवं मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं। इस दिन भगवान विष्णु के स्वरूप शालिग्राम जी का विवाह माता तुलसी से कराया जाता है। कहा जाता है कि तुलसी विवाह करने या कराने से जीवन के पारिवारिक दुखों का अंत होता है। कार्यक्रम के दौरान अतुल जेसवानी, पं योगेंद्र त्रिपाठी, एड. मनोज तिवारी, उमेश रजक, रोहित गुप्ता, गौरव साहू, रितेश केसवानी, कार्तिक श्रीवास, हर्ष पत्थर, पारस पहलवान आदि उपस्थित थे।

## मां नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा

### भूमि जल एवं वरुण देवता का पूजन



**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम बैन गंगा पुल भेड़ाघाट से कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष निकाले जाने वाली मां नर्मदा पंचकोशी जन-जागरण परिक्रमा के लिए विशाल मंच एवं कार्यक्रम की सफलता हेतु भूमि , वरुण देवता एवं जल देवता का पूजन किया गया । वेद मंत्रोच्चार के बीच आश्रम संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज, मां नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं आश्रम के व्यवस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल , डॉ . शिव शंकर पटेल, पंडित मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, मोहित तिवारी आदि ने पूजन संपन्न किया द्य इस अवसर पर स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने कहा कि नर्मदा जल शुद्धीकरण महा अभियान के लिए यह पंचकोशी यात्रा जन जागरण करती है और भक्तों को मां नर्मदा को शुद्ध और पवित्र रखने के लिए प्रेरित करती है कार्तिक पूर्णिमा 19 नवंबर को प्रात: 4 बजे से विभिन्न टोलियों के माध्यम से पंचकोशी परिक्रमा प्रारंभ होगी द्य प्रात: 8ः00 मंचीय कार्यक्रम होगा, संत महात्माओं एवं शहीदों के परिजनों का विशाल सम्मेलन भी होगा द्यभंडारे का क्रम दिन भर चलेगा ,सभी भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## बी.एड छात्रों की कब वापस होगी कॉशनमनी

जबलपुर। म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यापक प्रकोष्ठ ने बताया कि बी.एड सत्र 2019-21 के 215 छात्र अध्यापकों ने पी.एस.एम कॉलेज बी.एड उत्तीर्ण होने के बाद 30 जून जून 2021 को सभी को कार्यमुक्त कर दिया गया है, छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद भी आज दिनांक तक छात्रों की कॉशनमनी की राशि वापिस नहीं की गई, जबकि उसी केम्पस में लगने वाले राज्य विज्ञान संस्थान के छात्रों को कॉशनमनी की राशि उनके बैंक खातों में जमा करा दी गई है। वहीं पी.एस.एम, प्राचार्य व बाबूओं की लापरवाही के कारण कॉशनमनी वापसी की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, लाखों रूपये कॉशनमनी का वापसी में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है ताकि कॉलेज प्रबंधन उक्त राशि का ब्याज बसूल सके ।संघ के मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, मनीष चौबे, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, श्यामनारायण तिवारी, दुर्गेश पांडे, राकेश दुबे, गणेश उपाध्याय, प्रणव साहू, सुदेश पाण्डे, मनीष लोहिया, धीरेन्द्र सोनी, मो0तारिख, अभिषेक मिश्रा, देवदत्त शुक्ला, सोनल दुबे, आन्नद रैकवार, विनय नामदेव, पवन ताम्रकार राकेश पाण्ड मनीष शुक्ला, शुभसंदेश सिंगरहा, राजकुमार सिंह, मुकेश रजक, विजय कोष्टी, अब्दुल्ला चिश्ती, मनोज पाटकर, अनुराग मिश्रा, राजीव पाठक, आदि ने एक मांग पत्र आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल को भेजकर मांग की है कि कॉशनमनी के साथ-साथ छात्रों द्वारा दी गई करोनाकाल की अन्य फीसें भी सभी छात्रों को वापिस की जायें।

## ठंड में नहीं मिल रहे गर्म कोट
## ड्राईवर चौकीदार माली ठंड में करेंगे नोकरी

**जबलपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, हिरन जल संसाधन,लोक निर्माण, वन विभाग के कार्यभारित स्थापना के हजारों कर्मचारियों को ठंड में मिलने वाले गर्म कपड़े नहीं दिए गए है, खुले में नोकरी करने वाले कर्मचारी अफसरों की लापरवाही के कारण ठंड में ठिठुरेगे ।केनाल गार्ड,पम्प आएंडेन्ट,चौकीदार, सुरक्षा कर्मी,वनपाल,माली ,स्वीपर को सरकारी आदेश के पश्चात भी गर्म कोट नहीं दिए जा रहे है।**

अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के योगेन्द्र दुबे , जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय (मध्यप्रदेश शिक्षक कॉंग्रेस) के विश्वदीप पटैरिया,(अजाक्स ) योगेश चौधरी (आई टी आई तकनीकी कर्म.संघ) प्रशांत सोधिया, (म प्र राज्य कर्मचारी संघ )नरेश शुक्ला, (मध्यप्रदेश कर्मचारी कॉंग्रेस ) संतोष मिश्रा,( म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ) दुर्गेश पांडेय (म. प्र.स्वास्थ कर्मचारी संघ ) संजय गुजराल, (लिपिक कर्मचारी संघ) मुकेष चतुवेर्दी, (लघुवेतनकर्म.संघ )रविदहायत,अजय दुबे(म. प्र.डिप्लोमा ई एसोसिएशन )देव दोनेरिया (सपाकस )प्रदीप पटैल (मध्यप्रदेश कृषि कर्मचारी संघ) एस के बांदिल (मध्यप्रदेश समयपाल महासंघ) मुकेश मरकाम,( मध्यप्रदेश वाहन चालक तकनीकी संघ) सिहोरा तहसील अध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र सेन,राजेन्द्र तेकाम,संतोष गौतम,सतीश उपाध्याय, नेतराम झारिया, दालचंद पासी,अर्जुन सोमवंसी,राजू मस्के ने समस्त कार्यभारित स्थापना के कर्मचारियों को गर्म कोट तत्काल दिए जाने की मांग की है।

### श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजन



## लहराया केसरिया निशान साहिब

**जबलपुर।** श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा मढ़ाताल में केसरिया निशान साहिब लहराया गया यहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने नवीन चोले की कार सेवा की और श्रद्धा भाव से जय कारे गुंजाए झूलते निशान रहे पंथ महाराज के तथा नानक नाम चढ़दी कला तेरे भाने सरबत का भला इस मौके पर हजूरी रागी जठा भाई नरेंद्र सिंह एवं साथियों ने सरस गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश किया और सर्वत्र के भले की अरदास संपन्न करवाई प्रधान प्रताप सिंह विरदी ने साध संगत के प्रति आभार व्यक्त किया तदोपरांत पूरी छोले खीर एवं चाय का लंगर वितरित किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए 19 नवंबर को धूमधाम के साथ प्रकाशोत्सव मनाया जाएगा एवं इसी दिन सुबह साढ़े 5 बजे कीर्तनी प्रभात फेरी निकाली जाएगी जोकि गोरखपुर बाजार शास्त्री ब्रिज होती हुई प्रात: 9 बजे संपन्न होगी तदोपरांत यहां गुरु नानक जयंती का मुख्य कीर्तन दरबार आरंभ हो जाएगा जो कि दिन भर चलेगा अंतिम कीर्तन दरबार रात्रि 8:00 बजे से अर्ध रात्रि 1 बजे तक चलेगा।

## तुम्हे दिया अब तुम्ही से लेंगे जिला सिहोरा अबकी बार

**सिहोरा।** सिहोरावासियों ने सिहोरा जिले के राजपत्र के जारी होने के पिछले 18 वर्षों में सत्तारू? भाजपा को विधायक,सांसद, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पदों पर लगातार पहुँचाया है,अब बारी भाजपा की है ।सत्तारू? शिवराज सरकार सिहोरा को जिला बनाकर सिहोरावासियों के समर्पण को सम्मान दे,यह माँग आज लगातार छठवें रविवार धरना दे रहे लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों ने भाजपा सरकार से की ।समिति ने इस विषय मे एक चार्ट भी जारी किया।

### सिहोरा ने दिया और देता गया

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति द्वारा जारी चार्ट में दावा किया कि वर्ष 2003 से अब तक सिहोरा ने भाजपा को 4 विधायक,4 सांसद,4 मुख्यमंत्री और 4 प्रधानमंत्री देने में शत प्रतिशत योगदान दिया ।जारी चार्ट में सिहोरा द्वारा नगरपालिका चुनावों में अध्यक्ष और पार्षदों की 2003 से अब तक भाजपा की जीत के आँकड़े भी प्रदर्शित किए गए।

### अब बारी भाजपा की

जारी आंकड़ों से यह स्पष्ट था कि सिहोरावासियों ने वर्षो से भाजपा को सत्ता की चाबी सौंपी है ।इन्ही को आधार बना लक्ष्य सिहोरा जिला आंदोलन समिति ने मांग की कि अब बारी भाजपा की है,शिवराज सरकार की है ।आंदोलनकारियो ने

# सिहोरा की मांग कर रही समिति ने भाजपा को घेरा



पुन: दोहराया कि वे शिवराज सरकार से सिहोरा जिले की मांग पूरी कराके रहेंगे ।समिति के सदस्यों ने चार्ट को विभिन्न सोशल मीडिया में जारी कर इसे जन जन तक वायरल करने का आह्वान कर सरकार पर दबाब बनाने का भी आह्वान किया है।

### जिम्मेदार नेताओं में मची खलबली

विदित को सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर विगत 10 अक्टूबर से प्रत्येक रविवार धरना प्रदर्शन किया जा रहा ।इस आंदोलन से राजनेताओं ने अपनी दूरी बनाई हुई है ।वहीं आंदोलनकारी भी शिवराज सरकार से ही सिहोरा जिला

### विधायक-सांसद, मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री बनाने का दावा कर मांगा सिहोरा जिला

की मांग पूर्ण कराने की बात लगातार दोहरा रहे है ।अब जबकि समिति द्वारा खुलकर भाजपा को आज तक क्या क्या दिया यह बात प्रचारित की जा रही है तो ऐसे कयास लगाए जा रहे है कि आने वाले समय में भाजपा का एक वर्ग जिले की इस मुहिम के साथ आ खड़ा होगा। आज के धरने में अनिल जैन,आदर्श शुक्ला,सियोल जैन,दीपेश सैनी,विकास दुबे,विपिन दाहिया, संभव जैन,सचिन जैन,रवि कनकने,सुधा दुबे,रूपेश राय, ए के सोनी,ए डी दुबे,शैलेन्द्र विश्वकर्मा,अनुराग दुबे, एल पी उपाध्याय, रमेश दुबे,नागेंद्र कुररिया,सुधीर अवस्थी,राखी तिवारी,सुषमा कर्चुली,रामजी शुक्ला,पन्ना लाल झारिया,कृष्ण कुमार कुररिया,रामलाल साहू,कमल किशोर गुप्ता,पवन तिवारी,अजय चौहान,नरेंद्र तिवारी,शिवम कुररिया,विवेक पाठक,छत्रपाल सेन,सुरेंद्र तिवारी,धीरेंद्र पांडे,सुखदेव कौरव,प्रयास मिश्रा,अखिलेश दाहिया, सहित अनेक सिहोरावासी मौजूद रहे।

## सेवा भारती महाकौशल ने बाटे ऊनी वस्त्र

**जबलपुर।** सेवा भारती द्वारा संचालित नगर निगम प्राथमिक शाला ब्रजमोहन नगर में रमेश गर्ग ,जे के तिवारी ,पी के अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, कैलाश नायक ,के संयोजक में ऊनी वस्त्र, स्वेटर, गरम कपड़ो का वितरण विद्यालय में पढ़ रहे सभी छात्र एवम छात्राओं को किया गया इस अवसर पर सेवा भारती के महेश सोनी, अनिल शर्मा, सचिन अग्रवाल अधिवक्ता, ब्रजभूषण द्विवेदी,दीपक सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे विदित हो कि सेवा भारती महाकौशल के द्वारा निर्धन जरूरतमंद छात्रों को नि:शुल्क शिछा समाज की मदद से विद्यालय में प्रदान की जाती है।

# विलियमसन बने पंत-ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक हाथ से लगाया छक्का

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी-20 विश्व कप 2021 का फाइनल मुकाबला रविवार को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। कंगारू टीम ने खिताबी मुकाबले में कीवियों पर एकतरफा जीत दर्ज करते हुए आठ विकेट से जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत अच्छा रिकॉर्ड नहीं रहा लेकिन, इस बड़े मौके पर उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मुकाबले में उन्होंने टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से प्रेरणा लेते हुए एक हाथ से छक्का लगाया। उनके द्वारा पंत स्टाइल में लगाए गए छक्के का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। केन विलियमसन ने फाइनल मैच में 48 गेंदों पर 85 रनों की धुआंधार पारी खेली।



## फाइनल से पहले विलियमस करते रहे संघर्ष

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए फाइनल मैच से पहले न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन नौ पारियों में 13.78 के औसत से रन बनाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 104.20 रहा। लेकिन फाइनल में उनका अंदाज अलग ही देखने को मिला। कीवी कप्तान ने अपनी आतिशी पारी के दौरान टी-20 विश्व कप फाइनल में सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने अपने यह पचासा सिर्फ 32 गेंदों पर पूरा किया। अपनी पारी के दौरान उन्होंने ऋषभ पंत स्टाइल में छक्का भी लगाया। यह न्यूजीलैंड की पारी का 13वां ओवर था जिसे ग्लेन मैक्सवेल फेंक रहे थे। उनकी एक गेंद पर विलियमस ने मिडविकेट के ऊपर से एक हाथ से छक्का लगाया।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया

दुबई में खेले गए फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर फील्डिंग की। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने चार विकेट पर 172 रन बनाए। कीवी टीम को ओर से केन विलियमसन ने 85 रनों की पारी खेली जबकि, मार्टिन गुप्टिल 28 रन बनाकर आउट हुए।. ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोस हेजलवुड ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 18.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। कंगारू टीम की तरफ से मिशेल मार्च ने 77 रनों की नाबाद पारी खेली जबकि, डेविड वार्नर 53 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों के अलावा ग्लेन मैक्सवेल ने तेज-तर्रार 28 रन बनाकर कंगारू टीम को पहली बार टी-20 विश्व कप जिता दिया।



टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हरा दिया है। दुबई में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 172 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 173 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## विश्व कप क्वालीफायर्स

# फ्रांस और बेल्जियम ने विश्व कप में बनाई जगह



**नई दिल्ली।** कायलियन एमबापे के चार गोल की मदद से गत चैंपियन फ्रांस ने कजाखस्तान को 8-0 से रौंदकर अगले साल होने वाले फुटबाल विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। इस बीच, बेल्जियम ने एस्टोनिया को अपनी सरजमीं पर 3-1 से हराकर विश्व कप में जगह बनाई। बेल्जियम ने दूसरे स्थान पर चल रहे वेल्स पर पांच अंक की निर्णायक बढ़त बना ली है। वेल्स ने कार्डिफ में बेलारूस को 5-1 से हराया ।ग्रुप डी में फ्रांस की टीम अपने पारंपरिक घरेलू स्थल स्टेड डि फ्रांस की जगह पार्स डेस प्रिंसेस स्टेडियम में उतरी। एमबापे इस मुकाबले में 1958 विश्व कप में जस्ट फोनटेन के बाद किसी मुकाबले में चार गोल करने वाले फ्रांस के पहले खिलाड़ी बने। एमबापे ने (छठे, 12वें, 32वें और 87वें), करीम बेंजेमा ने (55वें और 59वें मिनट) जबकि एड्रियन रेबियोट (75वें मिनट) और एंटोनी ग्रीजमैन (84वें मिनट) में गोल दागे ।ग्रुप-ई में बेल्जियम की टीम चोटिल रोमेलु लुकाकू के बिना उतरी। एस्टोनिया के खिलाफ टीम को 11वें मिनट में क्रिस्टियन बेनटेके ने बढ़त दिलाई। यानिक कारास्को (53वें मिनट) और थोर्गन हैजार्ड (74वें मिनट) ने दो अन्य गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की, जबकि एस्टोनिया के लिए इरिक सोगरा ने एकमात्र गोल किया ।अन्य मुकाबले में फिनलैंड की टीम 50 मिनट से अधिक समय तक 10 खिलाड़ियों से खेलने के बावजूद बोस्निया और हर्जेगोविना को 3-1 से हराने में सफल रही। टीम के पास दूसरे स्थान पर रहते हुए प्ले आफ में जगह बनाने का मौका है लेकिन उसे अंतिम मैच में फ्रांस से भिड़ना है ।बेलारूस पर वेल्स की जीत में आरोन रामसे ने दो जबकि नेको विलियम्स, बेन डेविस और कोनोर रोबर्ट्स ने एक-एक गोल दागा। बेलारूस की ओर से एकमात्र गोल आर्तयोम कोंतसेवोय ने किया। ग्रुप-जी में तुर्की को नार्वे के लचर प्रदर्शन का फायदा मिला और टीम जिब्राल्टर को 6-0 से रौंदकर बेहतर गोल अंतर के आधार पर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। कूल्हे में चोट के कारण स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हैलांड के बिना उतरे नार्वे को घरेलू सरजमीं पर लातविया ने गोल रहित ड्रा पर रोक दिया। यूरोप के ग्रुप में फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम और डेनमार्क शीर्ष पर रहते हुए विश्व कप में जगह बना चुके हैं।

## इटली के तीन खिलाड़ी रहेंगे अनुपलब्ध

फ्लोरेंस, एपी इटली की टीम को नार्दन आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप के फाइनल क्वालीफायर से पहले बड़ा झटका लगा है और उसके तीन खिलाड़ी इस मैच में अनुपलब्ध रहेंगे। एलेसांद्रो बासटोनी और डेविडे कलाब्रिया दोनों चोटिल हैं जबकि डिफेंडर क्रिस्टियानो बिराघी निजी कारणों के चलते घर लौट गए हैं। इटली के कोच रोबर्टो मानचिनी ने एटलांटा के डिफेंडर डेविडे जापाकोस्टा को टीम में लिया है। इससे कुछ दिन पहले चोट के ही कारण इटली के चार अन्य खिलाड़ी भी टीम से हट गए थे।



# सम्राट पृथ्वीराज चौहान के साहस और बलिदान की गाथा...




# आ गया अक्षय कुमार की फिल्म पृथ्वीराज का टीजर

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की दिवाली रिलीज सूर्यवंशी सिनेमाघरों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। और अब, उनकी अगली फिल्म पृथ्वीराज की रिलीज की तैयारी शुरू हो चुकी है, जिसके तहत सोमवार को फिल्म का फर्स्ट लुक टीजर रिलीज कर दिया गया। अक्षय की इस फिल्म का काफी समय से इंतजार किया जा रहा है। पृथ्वीराज की कहानी भारतीय इतिहास के पन्नों से निकली है। निर्देशन डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया है, जो टीवी पर धारावाहिक चाणक्य और बड़े पर्दे पर पिंजर जैसी फिल्म के लिए विख्यात हैं। पृथ्वीराज, अक्षय कुमार की पहली हिस्टोरिकल फिल्म है। वहीं, डॉ. द्विवेदी की पहली बिग बजट और स्टार कास्ट वाली फिल्म है। टीजर में फिल्म के सभी मुख्य किरदारों को इंट्रोड्यूस किया गया है। हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान के लिए रोल में अक्षय कुमार, संयोगिता के किरदार डेब्यूटेंट मानुषी छिल्लर, कवि चंदबरदाई के रोल में सोनू सूद हैं। हालांकि, संजय दत्त के किरदार को लेकर अभी जानकारी सामने नहीं आयी है ।टीजर की शुरुआत जंग के मैदान से होती है। वॉइसओवर आता है- जिसके पीछे सौ सिर, सौ सामंत, वचन और वतन के लिए सिर कटाने को तैयार हों, वो सम्राट पृथ्वीराज चौहान होता है। इस लाइन के बाद अक्षय कुमार की पृथ्वीराज के किरदार में युद्ध भूमि में म्यान से तलवार खींचते हुए एंट्री होती है। ऐसी कुछ और भी लाइंस सुनाई देती हैं- सभी सलामी के लिए तैयार हों, हिंदुस्तान का शेर आ रहा है। संजय दत्त, सोनू सूद, मानुषी छिल्लर अपने-अपने किरदारों में दिखते हैं। वॉइस ओवर के साथ पृथ्वीराज के राज्य और युद्धभूमि के दृश्य इंटरसेक्ट होते रहते हैं ।फिल्म का लेखन भी डॉ. द्विवेदी ने किया है। टीजर के दृश्यों से लगता है कि कहानी का मुख्य हिस्सा पृथ्वीराज और संयोगिता की प्रेम कहानी पर आधारित है। हालांकि, वॉइस ओवर से साफ हो जाता है कि मेकर्स फिल्म के जरिए सिर्फ प्रेम कहानी दिखाने वाले नहीं हैं, सम्राट पृथ्वीराज चौहान की धर्म के लिए लड़ाई भी कथ्य का प्रमुख हिस्सा हो सकता है। पृथ्वीराज का निर्माण यशराज फिल्म्स ने किया है। फिल्म अगले साल 21 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## स्वाधीनता संग्राम के महान पुरोधा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म-जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र का शत-शत नमन

जनजातीय गौरव दिवस
15 नवम्बर
जम्बूरी मैदान, भोपाल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मध्यप्रदेश शासन

# जनजातीय गौरव दिवस

## 15 नवम्बर, 2021, दोपहर 12.00 बजे से
## जम्बूरी मैदान, भोपाल, मध्यप्रदेश

स्वाधीनता आंदोलन में जनजातियों के संघर्ष और बलिदान को सम्मान देने एवं उनकी गौरवशाली संस्कृति का उत्सव मनाने के लिए जनजातीय महानायक बिरसा मुंडा की जयंती का दिन हर वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। प्रथम आयोजन मध्यप्रदेश में किया जा रहा है।





- राशन आपके ग्राम योजना का शुभारंभ
- मध्यप्रदेश सिकल सेल उन्मूलन मिशन का शुभारंभ
- 50 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का वर्चुअल भूमिपूजन
- जनजातीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन
- विशेष पिछड़ी जनजातियों के 20 युवाओं को माध्यमिक शिक्षक पद का नियुक्ति पत्र

‘ देश के लाखों-करोड़ों लोगों के दिलों में बसने वाले भगवान बिरसा मुंडा ने शोषित और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष किया। उनके जीवन से हमें आज भी साहस, शौर्य और सेवा की सीख मिलती है। ’

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



| नरेन्द्र मोदी | मंगुभाई पटेल | शिवराज सिंह चौहान | मीना सिंह मांडवे |
|---|---|---|---|
| प्रधानमंत्री<br>**मुख्य अतिथि** | राज्यपाल, मध्यप्रदेश<br>**अध्यक्ष** | मुख्यमंत्री<br>मध्यप्रदेश | मंत्री, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण, मध्यप्रदेश शासन |

के विशिष्ट आतिथ्य और अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में आयोजन

D-11076

LIVE STREAMING
http://pmindiawebcast.nic.in
DDMP
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP

#जनजातीय_गौरव_दिवस

**जनजातीय कार्य विभाग, मध्यप्रदेश**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2021